दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-109 सीहोर, रविवार 14 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## जोरहाट में वायुसेना का एएन-32 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच जवान शहीद



### वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए

जोरहाट,(ए.)। असम के जोरहाट स्थित रौरिया एयरफोर्स स्टेशन पर शनिवार को भारतीय वायुसेना का एक एएन-32 परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच वायुसेना कर्मी शहीद हो गए। इस दर्दनाक हादसे में जहां पांच बहादुर जवान ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए, वहीं सह-पायलट गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद जीवित बचा हैं और उनका इलाज जारी है। यह घटना तब हुई जब विमान लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हुआ।वायुसेना ने दुखद घटना पर गहरा शोक जताकर शहीद हुए जवानों के नाम जारी किए हैं। इसमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीर वायु दानिश आलम के नाम शामिल हैं। वायुसेना ने कहा, भारतीय वायुसेना अपने पांच कर्मियों को खोने से गहरा दुख व्यक्त करती है जिन्होंने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और दुख की इस घड़ी में मजबूती से उनके साथ खड़े हैं।वायुसेना अधिकारियों के अनुसार, यह एएन-32 परिवहन विमान अरुणाचल प्रदेश से जोरहाट लौट रहा था। लैंडिंग के दौरान ही हादसा हुआ, जब विमान एयरबेस परिसर के भीतर ही दुर्घटनाग्रस्त होकर दो टुकड़ों में बंट गया और उसमें आग लगी। हादसे के तुरंत बाद एयरबेस की आपातकालीन और फायरफाइटिंग टीमें सक्रिय हो गईं। बचाव अभियान के दौरान सह-पायलट को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन विमान में सवार अन्य पांच कर्मियों को बचाया नहीं जा सका।

### असम सरकार का आधार पर बड़ा फैसला, 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नहीं बनेगा आधार कार्ड

गुवाहाटी,(आरएनएस)। असम सरकार ने 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को आधार कार्ड जारी नहीं करने का फैसला लिया है. इस मकसद यह सुनिश्चित करना है कि अवैध प्रवासी यह डॉक्यूमेंट हासिल न कर पाएं. कैबिनेट बैठक के बाद गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि खास मामलों में, जिला आयुक्त को आधार कार्ड जारी करने की इजाजत के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजना होगा.मुख्यमंत्री सरमा ने पत्रकारों को बताया कि इसके बाद सरकार तय करेगी कि आवेदक आधार कार्ड के लिए योग्य है या नहीं. उन्होंने कहा कि असम में वर्तमान में लगभग सभी लोगों को आधार कार्ड जारी किए जा चुके हैं. उन्होंने कहा, कुछ जिलों में, यह 100 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के केसली से करेंगे लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित

### केसली में 190.85 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की देगें सौगात
### लाड़ली बहना योजना की 37वीं किश्त की राशि का होगा अंतरण



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 14 जून को सागर जिले के केसली विकासखंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की 37 वीं किश्त लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगें। इसमें एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में 1835 करोड़ रूपये अंतरित किये जायेंगे। साथ ही देवरी विधानसभा को लगभग 190.85 करोड़ रुपये की लागत के 53 विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। इनमें 122.02 करोड़ रूपये की लागत के 28 कार्यों का भूमि-पूजन और 68.83 करोड़ रूपये की लागत के 25 कार्यों का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव क्षेत्र के विकास को गति देने वाले सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा तकनीकी शिक्षा विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन विकास कार्यों से देवरी एवं केसली विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी।

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे देश के अगले सेना प्रमुख

### -30 जून को संभालेंगे भारतीय सेना की कमान

नई दिल्ली,(ए.)। केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को भारतीय सेना का अगला प्रमुख नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। वह वर्तमान सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। इसी दिन धीरज सेठ भारतीय सेना के 31वें चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।



वर्तमान में धीरज सेठ उप सेना प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 1 अप्रैल को यह जिम्मेदारी संभाली थी। उप सेना प्रमुख के रूप में वह सेना की संचालन व्यवस्था, सैन्य तैयारियों, आधुनिकीकरण और नई तकनीकों के समावेश से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन प्राप्त करने वाले धीरज सेठ को भारतीय सेना में लगभग चार दशक का व्यापक अनुभव है।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून ने फिर पकड़ी रफ्तार

### मप्र में 15 से 18 जून के बीच आएगा मानसून



भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की दस्तक से पहले मौसम ने अचानक करवट ले ली। शनिवार शाम भोपाल समेत नरसिंहपुर, सीहोर, नर्मदापुरम, पचमढ़ी और पिपरिया में आंधी के साथ जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, प्रदेश में मानसून 15 से 18 जून के बीच प्रवेश कर सकता है।बारिश का सबसे ज्यादा असर नर्मदापुरम जिले के इटारसी और आसपास के इलाकों में देखने को मिला। यहां तेज आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। कहीं पेड़ एंबुलेंस पर गिर गया तो कहीं बिजली विभाग का कर्मचारी बाल-बाल बच गया। सडकों पर पेड़ धराशायी हो गए, बिजली लाइनें टूट गईं, मेले का मेन गेट उखड़ गया।

**भोपाल में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश**

भोपाल में शनिवार शाम मौसम ने करवट ली। शहर के कलियासोत डैम क्षेत्र में बारिश शुरू हो गई, जिससे आसपास का मौसम सुहावना हो गया। बारिश के साथ चल रही ठंडी हवाओं ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दिलाई। इटारसी में तेज आंधी-तूफान के दौरान न्यू यार्ड रेलवे हॉस्पिटल परिसर में खड़ी एक एंबुलेंस पर पेड़ गिर गया। हादसे में एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना के समय एंबुलेंस में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### रामगढ़ में बंद पड़े खदान से जहरीली गैस लीक, चार लोगों की मौत

रामगढ़(आरएनएस)। झारखंड के रामगढ़ जिले में एक बंद खदान में जहरीली गैस लीक होने से चार लोगों की मौत हो गई. यह घटना रामगढ़ वन क्षेत्र के चपरी-बुमरी इलाके में हुई, जहां कुछ लोग कोयले का उत्खनन करने बंद पड़े खदान में उतर थे. रामगढ़ सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. हरेंद्र कुमार महतो ने चारों की मौत की पुष्टि की है.जानकारी के मुताबिक, कुछ लोग कोयला निकालने के लिए बंद खदान में घुसे थे. अचानक खदान के अंदर गैस लीक होने लगी. घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के गांव वालों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. पुलिस और सीसीएल की टीमों को सूचना दी गई. रेस्क्यू के बाद चारों लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया और दो अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई.

## अभिषेक बनर्जी के घर पर पुलिस ने रात 3 बजे मारी रेड

### -चार घंटे चली तलाशी, ताला तोड़कर घुसने का आरोप
### -पुलिस कार्रवाई से गुस्साए अभिषेक ने उठाए सवाल




कोलकाता,(ए.)। पश्चिम बंगाल की राजनीति में शनिवार को उस समय हलचल तेज हो गई जब तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर कोलकाता पुलिस ने देर रात छापेमारी की। पुलिस टीम शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे केंद्रीय बलों के जवानों के साथ उनके घर पहुंची और लगभग चार घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस अधिकारी घर के भीतर जांच में जुटे रहे, जबकि केंद्रीय बलों के जवान पूरे समय बाहर सुरक्षा व्यवस्था संभाले खड़े रहे। इस कार्रवाई में कोलकाता पुलिस के अलावा पश्चिम मेदिनीपुर जिले की पुलिस भी शामिल थी। हालांकि पुलिस ने आधिकारिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया है कि छापेमारी किस मामले में की गई और इसमें अभिषेक बनर्जी की क्या भूमिका है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी थाने में दर्ज एक मामले से जुड़ी हो सकती है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पुलिस अभिषेक बनर्जी के करीबी सहयोगी और उनके निजी सहायक सुमित रॉय की तलाश में पहुंची थी। जैसे ही छापेमारी की सूचना मिली, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कालीघाट स्थित आवास पर पहुंच गईं। शनिवार सुबह घर से बाहर निकलकर अभिषेक बनर्जी ने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों ने घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और प्रत्येक कमरे की तलाशी ली।

## नौकरी से बर्खास्तगी सबसे बड़ी सजा, परिवार भी हो जाता है बर्बादः सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सेवा न्यायशास्त्र (सर्विस ज्यूरिसप्रूडेंस) में नौकरी से बर्खास्तगी सबसे गंभीर सजा है. इसका न केवल कर्मचारी पर बल्कि उनके आश्रितों पर भी बेहद बुरा असर पड़ता है. शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसा कोई भी जुर्माना या सजा लगाने से पहले अनुशासनात्मक प्राधिकरण को लापरवाही या कदाचार की प्रकृति और गंभीरता, सेवा की अवधि, पुराना रिकॉर्ड, उम्र और क्या नियोक्ता को कोई वित्तीय नुकसान हुआ है, जैसे कारकों पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए.जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन के सिंह की पीठ ने कहा कि नौकरी से बर्खास्तगी आमतौर पर वहीं सही मानी जाती है, जहां कदाचार (गलत व्यवहार या लापरवाही) इतना गंभीर हो कि कर्मचारी को नौकरी पर बनाए रखना पूरी तरह से अनुशासन, विश्वास या संस्था के कामकाज के खिलाफ हो. पीठ ने साफ किया कि भ्रष्टाचार, अवैध उगाही, नैतिक पतन, पैसों का गबन, नियोक्ता को भारी नुकसान पहुंचाने वाले काम, या नौकरी पर बने रहने के लिए पूरी तरह से अयोग्यता दिखाने वाले मामलों का आधार अलग होता है.पीठ ने 11 जून के अपने फैसले में कहा, हालांकि, जहां कदाचार में भ्रष्टाचार, नैतिक पतन, वित्तीय गबन या नियोक्ता को हुआ कोई साबित नुकसान शामिल नहीं है, और जहां बिना किसी बड़े दाग के लंबी सेवा रही हो, वहां अनुशासनात्मक प्राधिकरण को सावधानीपूर्वक यह जांचना चाहिए कि क्या कोई कम सजा न्याय के उद्देश्यों को पूरा करेगी.शीर्ष अदालत ने ये टिप्पणियां महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त करने के 2017 के आदेश को रद्द करते हुए कीं. पीठ ने कहा कि अपीलकर्ता के खिलाफ साबित हुआ कदाचार (गलत व्यवहार) अनुशासनहीनता, आदेश न मानने (अवज्ञा) और उसके परिणामस्वरूप दस्तावेजों से छेड़छाड़ से जुड़ा है, और अदालत किसी कार्यालय या संस्थान में अनुशासन के महत्व को कम नहीं आंक रही है।

## 2 बाउंसर, सायरन वाली कार और पिस्टल; सेना ने दबोचा 21 साल का फर्जी ब्रिगेडियर?

शाहजहांपुर,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां सेना ने एक गुप्त अभियान चलाकर 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है, जो खुद को ब्रिगेडियर बताता था। यहीं नहीं, युवक ने बकायदा कार पर सेना की प्लेट, वर्दी, पिस्टल और अपनी सुरक्षा में 2 कथित कमांडो को भी तैनात कर रखा था। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर सेना ने जाल बिछाया और युवक को पकड़ लिया। आइए मामला समझते हैं।दरअसल, सेना को कुछ दिनों से जानकारी मिल रही थी कि एक युवक ब्रिगेडियर की सेरेमोनियल वर्दी पहनकर आसपास के इलाके में घूम रहा है। ये युवक खुद को एक बड़े अधिकारी के तौर पर पेश करता था। गतिविधियां संदिग्ध लगने पर सेना ने युवक पर नजर रखनी शुरू की। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहजहांपुर स्टेशन मुख्यालय के प्रशासनिक कमांडेंट कर्नल जेएस जगलान ने स्थानीय पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर युवक को पकड़ने के लिए योजना बनाई।सेना ने युवक को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इसके तहत उसे भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से बात करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए एक नकली कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। 12 जून को युवक ब्रिगेडियर की वर्दी पहनकर साथ में 2 कमांडो लिए सेना का झंडा लगी कार में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचा।

## वीएफजे में तैयार हो रहे अत्याधुनिक माइंस प्रोटेक्टिव व्हीकल

### - 35 किलो तक के विस्फोट का सामना करने में सक्षम

जबलपुर, (ए.)। देश की रक्षा आत्मनिर्भरता को नई मजबूती देने की दिशा में जबलपुर की व्हीकल फैक्ट्री (वीएफजे) एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर बढ़ रही है। फैक्ट्री में अत्याधुनिक माइंस प्रोटेक्टिव व्हीकल (एमपीवी) का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिसकी पहली खेप जल्द ही भारतीय सेना को सौंपी जाएगी। इसके बाद इन वाहनों की आपूर्ति सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को भी की जाएगी।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, वीएफजे ने व्यापक अनुसंधान और परीक्षणों के बाद एमपीवी का नया उन्नत संस्करण विकसित किया है।




### अजमेरा ग्रुप के पीड़ित निवेशकों को वापस मिलेंगे 8.41 करोड़ रुपए, PMLA कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली,(आरएनएस)। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने मेसर्स अजमेरा ग्रुप और अन्य के मामले में अपराध से प्राप्त धन (पीओसी) को उसके सही हकदारों को वापस दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. विशेष PMLA अदालत ने 8.41 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां उनके वैध दावेदारों और पीड़ितों को लौटाने का आदेश दिया है. यह मामला सीधे तौर पर आम जनता के साथ की गई धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है.ईडी ने मामले में कई संपत्तियां अटैच कर अदालत में अभियोजन शिकायत दाखिल की थी. निवेशकों से ठगी गई मोटी रकम का इस्तेमाल अजमेरा ग्रुप के निदेशकों और दूसरे व्यक्तियों ने कई प्रॉपर्टीज खरीदने के लिए किया है.बेंगलुरु के अजमेरा ग्रुप मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पीड़ित निवेशकों को बड़ी राहत मिली है।

## इंतजार खत्मः कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा 20 जून से होगी शुरु, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 15 जून की शाम को पहुंचेगा सिक्किम




कलिम्पोंग (पश्चिम बंगाल),(आरएनएस)। कैलाश मानसरोवर यात्रा का इंतजार खत्म हुआ. तीर्थयात्री 20 जून से सिक्किम में नाथुला दर्रे के रास्ते से कैलाश मानसरोवर की अपनी यात्रा शुरू करेंगे. सिक्किम पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन लोकेंद्र रसैली ने कहा कि सिक्किम के नाथुला दर्रे के रास्ते से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आधिकारिक प्रक्रिया 11 जून को शुरू हो गई है. तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 15 जून की शाम को सिक्किम पहुंचेगा. इसके बाद तीर्थयात्रियों को अपने शरीर को ऊंचाई के हिसाब से ढालने के लिए एक मुश्किल प्रक्रिया से गुजरना होगा।

16 जून को तीर्थयात्रियों को 18वां मील पर बने एक अनुकूलन केंद्र ले जाया जाएगा, जहां वे दो दिन रहेंगे. इसके बाद, 18 और 19 जून को उन्हें त्सोमगो (चांगू) झील के दूसरे अनुकूलन केंद्र में ले जाया जाएगा. सारी शारीरिक तैयारी पूरी होने के बाद ही 20 जून को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए पहले बैच को आधिकारिक रूप से रवाना किया जाएगा।

इस साल, तीर्थयात्री कुल 10 बैच में नाथुला दर्रे के रास्ते से यात्रा करेंगे, हर बैच में 50 तीर्थयात्री होंगे. हर ग्रुप के साथ एक संपर्क अधिकारी और एक चिकित्सा सहायक भी होंगे।

उम्मीद है कि इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा में लगभग 500 तीर्थयात्री हिस्सा लेंगे. इस बारे में सिक्किम पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन लोकेंद्र रसैली ने कहा, इस तीर्थयात्रा के लिए लगभग 1,500 लोगों ने आवेदन किया था. उनमें से 500 को लॉटरी सिस्टम से चुना गया. यह तीर्थयात्रा 20 जून से 24 अगस्त के बीच 10 बैच में की जाएगी. हर बैच तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में लगभग 12 दिनों की यात्रा पूरी करके वापस लौटेगा।

## कश्मीर में हिजबुल चीफ सलाहुद्दीन की खैर नहीं, CIK ने घर के बाहर चिपकाए अल्टीमेटम वाले पोस्टर




श्रीनगर (ए.) जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने घाटी में छिपे और फरार आतंकियों के खिलाफ अपना शिकंजा और कड़ा कर दिया है। इसी कड़ी में सीआईके ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना मोहम्मद यूसुफ शाह उर्फ सैयद सलाहुद्दीन समेत चार खूंखार आतंकी कमांडरों के खिलाफ एक बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने प्रोक्लेमेशन (सार्वजनिक घोषणा) आदेश का सख्ती से पालन करते हुए इन सभी फरार आतंकियों के घरों के बाहर पोस्टर चिपका दिए हैं, जिनमें उन्हें अदालत में हाजिर होने का सख्त आदेश दिया गया है।

सीआईके की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, ये चारों आतंकी कमांडर साल 1996 में दर्ज एक मामले में लगातार अपनी गिरफ्तारी से बच रहे हैं और जानबूझकर कानूनी प्रक्रिया से भाग रहे हैं। जांच एजेंसियों की ओर से लगातार इन आतंकियों की तलाश की जा रही है। घर के बाहर चिपकाए गए इन पोस्टरों के जरिए यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि कानून के हाथ लंबे हैं और अब इनके छिपने की हर नापाक कोशिश नाकाम होगी।

न्यायालय ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए इन सभी फरार आरोपियों को आगामी 14 जुलाई को सुबह 10 बजे तक हर हाल में अदालत में पेश होने के सख्त निर्देश दिए हैं। पोस्टरों में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि अगर तय समय सीमा के भीतर ये आरोपी अदालत में पेश नहीं होते हैं, तो इन सभी दोषियों के खिलाफ और भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखना पुलिस का पहला कर्तव्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश पुलिस ने ढाई साल के कार्यकाल में हासिल कीं कई ऐतिहासिक उपलब्धियां

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखना पुलिस का पहला कर्तव्य है। पीड़ित व्यक्तियों के साथ विनम्र व्यवहार और उनके हितों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सिंहस्थ-2028, करोड़ों श्रद्धालुओं का आस्था पर्व है। इस आयोजन में संवेदनशीलता, सक्रियता, सतर्कता और सेवा भाव से मध्यप्रदेश पुलिस, आदर्श व्यवस्था का उदाहरण देश-दुनिया में प्रस्तुत कर सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित आईजी कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका अभिवादन किया गया। कॉन्फ्रेंस में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईजी स्तर के बाद संभाग स्तर पर भी समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी और वे स्वयं इन बैठकों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि साइबर अपराधों की रोकथाम और जनजागरूकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नशामुक्ति, मानव तस्करी पर नियंत्रण, महिला और बच्चों की सुरक्षा को अधिक सुदृढ़ बनाने तथा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्देशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को पुलिस विभाग की प्रमुख प्राथमिकताएं बताते हुए अधिकारियों को प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, संगठित अपराध, माफिया गतिविधियां, भूमि संबंधी अपराध, सामाजिक चुनौतियों के नए स्वरूप सामने आ रहे हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस को तकनीकी दक्षता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के साथ कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादवने मध्यप्रदेश पुलिस की कार्यवाहियों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार के ढाई वर्ष के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। मध्यप्रदेश पुलिस के अथक प्रयासों से मंडला और बालाघाट जिले नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हुए। मध्यप्रदेश की धरती से लाल सलाम को आखिरी सलाम किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश की धरती से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने सुशासन की मिसाल प्रस्तुत की है।



## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के विरोध से पहले एनएसयूआई-युवा कांग्रेस नेता हिरासत में, काले झंडे दिखाने की थी तैयारी



भोपाल,(आरएनएस)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे हैं। उनके दौरे से पहले शनिवार को पुलिस ने एहतियाती कार्रवाई करते हुए एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। संगठन के कार्यकर्ता नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री को काले झंडे दिखाने और विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।पुलिस ने कुछ नेताओं को उनके घरों से हिरासत में लिया, जबकि कई कार्यकर्ताओं को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर से उठाया गया। कार्रवाई के बाद कांग्रेस और एनएसयूआई ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। हिरासत में लिए गए नेताओं में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, शहर अध्यक्ष अमित खत्री, प्रदेश सचिव धनजी गिरी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव बरोलिया शामिल हैं। संगठन के अनुसार कुछ नेताओं को उनके निवास से ही पुलिस अपने साथ ले गई, जबकि अन्य को कांग्रेस कार्यालय के सामने से हिरासत में लिया गया।

# सेवा, सुशासन और विकास के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता अभियान आयोजित





**भोपाल (संदीप पंडा)।** भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और विकास के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के सूरज नगर स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ विधायक भगवानदास सबनानी ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ वातावरण और जनभागीदारी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगैया सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने और समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया।

## एमपी टूरिज्म को कॉन्फ्रेंस मैनेजमेंट में उत्कृष्टता पुरस्कार

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने इवेंट, एक्जीबिशन और माइस के प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुंबई के सिडको एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रतिष्ठित 10वें डेसेनियल एक्जीबिशन एक्सीलेंस अवार्ड्स (EEA) 2026 में एमपी टूरिज्म को कॉन्फ्रेंस मैनेजमेंट में उत्कृष्टता (Excellence in Conference Management) का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार देश के इवेंट, एक्जीबिशन और माइस (MICE - मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसिंग एंड एक्जीबिशन) सेक्टर के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक माना जाता है। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक दिलीप कुमार यादव ने टीम के साथ यह पुरस्कार ग्रहण किया। प्रबंध संचालक श्री यादव ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार पर्यटन विकास निगम की प्रतिबद्धता, व्यावसायिकता और अद्वितीय टीम वर्क का परिणाम है।

## भोपाल में 2 बड़ी कार्रवाई...89 मकान-दुकानें हटाए..कजलीखेड़ा-छावनी पठार में 7.5 एकड़ में कब्जा; 8 करोड़ कीमत



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में जिला प्रशासन ने शनिवार को अतिक्रमण हटाने की 2 बड़ी कार्रवाई की। जहां से अवैध रूप से बने कुल 89 मकान और दुकानें बुलडोजर की मदद से हटा दिए गए। कुल 7.5 एकड़ जमीन की कीमत 8 करोड़ रुपए से ज्यादा है। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया की मौजूदगी में छावनी पठार में कार्रवाई की गई। यहां नेशनल हाईवे की जमीन पर सालों से कब्जा था। जिस पर 54 मकान और दुकानें बना दी गई थी।पुलिस की मौजूदगी में सुबह कार्रवाई शुरू की गई, जो दोपहर तक चली। इस दौरान जेसीबी की मदद से कच्चे-पक्के निर्माण जमींदोज कर दिए गए।मौके पर कुल ढाई एकड़ जमीन पर कब्जा सामने आया था। जिसकी बाजारू कीमत 5 करोड़ रुपए है। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का हंगामा न हो, इसलिए पुलिस बल तैनात रहा। इसके बाद कार्रवाई शुरू की गई।कोलार रोड स्थित कजलीखेड़ा में 5 एकड़ सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया। दोपहर 12 बजे के बाद कार्रवाई की शुरुआत हुई।

## पुलिस मुख्यालय में सुरक्षाकर्मियों को दिया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण

भोपाल, (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा लगातार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवार शाम पुलिस मुख्यालय के भूतल पर सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों को स्वयं को सुरक्षित रखते हुए आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्नि नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण में आधुनिक उपकरणों द्वारा आग बुझाने की मॉकड्रिल भी की गई। मॉकड्रिल के दौरान तरल पदार्थों में लगी आग को पुलिस के जवानों ने अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग से किस तरह आसानी से बुझाई जा सकती है, इसका प्रशिक्षण प्राप्त किया। सुरक्षाकर्मियों ने आग को धुएं और लपटों से बचकर बुझाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर आग बुझाने का अभ?यास भी किया।




## रतलाम के डायल-112 हीरोज

### ट्रेन से गिरकर घायल हुए युवक को त्वरित सहायता देकर पहुँचाया अस्पताल

भोपाल(आरएनएस)। रतलाम जिले के थाना रावटी क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्परता एवं संवेदनशील कार्यवाही से ट्रेन से गिरकर घायल हुए एक युवक को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। डायल-112 टीम की त्वरित सहायता से युवक को शीघ्र चिकित्सकीय सुविधा मिल सकी।12 जून को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना रावटी क्षेत्र अंतर्गत कोटड़ा गाँव के पास एक युवक ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है तथा उसे तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही थाना रावटी क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया।डायल-112 स्टाफ आरक्षक बहादुर दांगी एवं पायलट शाहिद अली ने मौके पर पहुंचकर पाया कि कोटड़ा गाँव के समीप ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक घायल हो गया था। डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल युवक को एफआरव्ही वाहन की सहायता से सुरक्षित शासकीय अस्पताल रावटी पहुँचाया। समय पर मिली सहायता के कारण घायल युवक को शीघ्र चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त हो सकी।







## जिला पंचायत सीईओ ने प्रशिक्षण एवं विकास कार्यों का किया अवलोकन

रायपुर, (आरएनएस)। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने विभिन्न विकासात्मक एवं कौशल गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एनडीडीबी-ए हेल्प कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पशु सखी प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की पशु सखियों से चर्चा कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण के अनुभवों की जानकारी प्राप्त की और उन्हें ई-व्हीकल क्षेत्र में उपलब्ध भविष्य की संभावनाओं के संबंध में प्रोत्साहित किया।इसके पश्चात बिश्वरंजन ने लाइवलीहुड कॉलेज पहुंचकर ई-वाहन असेम्बलिंग एवं बैटरी संबंधी प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की।जिला पंचायत सीईओ ने एसएलडब्ल्यूएम (सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट) भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन परिसर की स्थिति का अवलोकन करते हुए उन्होंने संबंधित सचिव एवं स्वच्छताग्राही महिलाओं को परिसर की नियमित साफ-सफाई तथा उचित कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जाम हो रहे नालों की सफाई कराने एवं कचरे का पृथक्करण कर उसके वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रबंधन के लिए निर्देश प्रदान किए।

## रायपुर में देर रात पुलिस का सघन अभियान, 60 संदिग्धों से पूछताछ, 12 वाहनों की जांच

रायपुर, (आरएनएस)। रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने शहर में अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से देर रात और तड़के सुबह विशेष अभियान चलाकर 60 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। अभियान के दौरान 12 संदिग्ध दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भी जांच की गई। पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित तुकाराम कांबले के निर्देश तथा पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला की सतत मॉनिटरिंग में एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की विभिन्न टीमों का गठन कर यह विशेष अभियान संचालित किया गया। पुलिस के अनुसार 11 और 12 जून की दरम्यानी रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अकारण देर रात घूमने वाले व्यक्तियों, संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों, अवैध मादक पदार्थ एवं शराब की बिक्री करने वालों, अवैध जमावड़ा लगाने वालों तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के तहत रात 3 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर के अलग-अलग इलाकों में आकस्मिक चेकिंग और सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे लोगों को पूछताछ के लिए एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट कार्यालय लाया गया। जांच के दौरान कुल 60 व्यक्तियों की पहचान की गई, जिनमें 4 नाबालिग भी शामिल थे। सत्यापन के दौरान एक व्यक्ति आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले में संदेहास्पद पाया गया, जबकि मारपीट के पुराने मामलों में संलिप्त दो आरोपी भी घूमते मिले। इसके अलावा 12 दोपहिया और चारपहिया वाहन बिना नंबर प्लेट अथवा संदिग्ध अवस्था में पाए गए, जिनकी वैधानिक जांच की जा रही है। चेकिंग के दौरान कुछ स्थानों से गांजा की पुड़िया एवं शराब भी बरामद की गई। हालांकि पुलिस की मौजूदगी देखकर संबंधित व्यक्ति मौके से फरार हो गए। बरामद सामग्री के संबंध में जांच जारी है। पूछताछ और सत्यापन के बाद सभी व्यक्तियों को कड़ी समझाइश दी गई तथा भविष्य में किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल नहीं होने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान मिले नाबालिगों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर आवश्यक परामर्श भी दिया गया। रायपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में अपराधों पर नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी बनाए रखने के लिए इस तरह के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# फायर सेफ्टी वह कवच है, जो आपके परिवार, व्यवसाय व घर-बार को अग्नि से सुरक्षा देता है

### गुणवत्तापूर्ण फायर सेफ्टी व्यवस्था व फायर नियमों का पालन करेगा आपके जान-माल की सुरक्षा, रोका जा सकता है बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं को

कोरबा (आरएनएस)। फायर सेफ्टी वह कवच है जो आपके परिवार, व्यवसाय, भवन, दुकान, प्रतिष्ठान व घर-बार को आग से सुरक्षा प्रदान करता है, आग से बचाव व सुरक्षा के लिये भवनों, प्रतिष्ठानों, संस्थानों में फायर सेफ्टी व्यवस्था का होना अनिवार्य है, ताकि आग लगने व आपातकालीन स्थिति में अग्नि से सुरक्षा हो सके तथा कम से कम नुकसान हो। फायर सेफ्टी व्यवस्था के अंतर्गत बचाव व निकासी मार्ग, प्राथमिक अग्नि सुरक्षा उपकरण, विद्युत संबंधी नियमों का पालन, आपातकालीन तैयारियों आदि के साथ-साथ आग लगने की स्थिति में क्या-क्या उपाय उपयोग में लाये जाने चाहिये, इन उपायों से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना आवश्यक है। आपातकालीन स्थिति के दौरान आग लगने पर आग से बचाव व सुरक्षा के लिये राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता और स्थानीय अग्निशमन विभाग द्वारा निर्धारित कुछ बुनियादी नियमों का पालन करना अनिवार्य हैं, अग्निकांड से बचने एवं आपात स्थिति में होने वाले नुकसान को कम करने के लिये फायर सेफ्टी



के प्रावधानों का पूरी गंभीरता से पालन करना आवश्यक होता है, गुणवत्तापूर्ण फायर सेफ्टी व्यवस्था व अग्निशामक नियमों का पालन आपकी जान-माल की सुरक्षा कर सकता है तथा बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। प्रायः देखा जाता है कि फायर सेफ्टी के प्रति उदासीनता व लापरवाही के परिणाम स्वरूप बड़े अग्निकांड हो जाते हैं, एक चिंगारी सब कुछ जलाकर राख कर देती है तथा जान-माल के बड़े नुकसान का खामियाजा भुगतना पड़ता है। भवनों में बचाव व निकासी मार्ग – रेजिडेंसियल बिल्डिंग्स, भवनों में स्थित सभी आपातकालीन निकास, दरवाजों, सीढ़ियों व गलियारों को हमेशा बाधा मुक्त रखा जाना चाहिये तथा वहाँ पर ऐसा कोई सामान न रखा जाना चाहिये, जो सुगम आवागमन में बाधा उत्पन्न करता हो। इसी प्रकार आपातकालीन द्वार, फायर एग्जिट दरवाजों को अंदर से आसानी से खुलने वाला होना चाहिये, और उन्हें कभी भी बाहर से ताला लगाकर बंद नहीं करना चाहिये। इमरजेंसी इस्तेमाल के लिये पानी, रेत की बाल्टियाँ आसान जगहों पर रखें। भवनों के निर्माण के समय यह ध्यान रखें कि जिस स्थान पर भवन का निर्माण हो रहा है, वहाँ तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पहुंचने के लिये उचित जगह हों। प्राथमिक अग्नि सुरक्षा उपकरण – भवन के हर मंजिल पर आसानी से दिखनी वाली जगह पर कम से कम ए.बी.सी. श्रेणी के फायर सुरक्षा उपकरण होने चाहिये, वहीं आग का धुंआ भापने वाले स्मोक डिटेक्टर, अलार्म और पानी के स्प्रिंकलर सिस्टम हर समय चालू हालत में होने चाहिये, सभी उपकरणों की समय-समय पर पेशेवरों के द्वारा जांच (फायर आडिट) कराया जाना आवश्यक है।

## प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाईः अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, सड़क निर्माण में बाधक मकान ढहाए

कोरबा (आरएनएस)। जिले में अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान शासकीय भूमि और सड़क निर्माण में बाधा बने अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान दोनों स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

पहली कार्रवाई कनकी-तरदा मुख्य मार्ग पर बरपाली तहसीलदार सत्यपाल राय के नेतृत्व में की गई। प्रशासनिक टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां पाया गया कि सिंचाई विभाग की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से मकान और दुकानें बनाकर कब्जा किया गया था। इतना ही नहीं, कुछ लोगों द्वारा जमीन की प्लाटिंग कर उसकी खरीद-बिक्री भी की जा रही थी। प्रशासन के अनुसार, इस मामले में करीब 85 मकान मालिकों को पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका था। नोटिस मिलने के बावजूद कब्जा नहीं हटाने पर शुक्रवार सुबह तीन मकानों और दुकानों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। वहीं दूसरी बड़ी कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग-130 पर सुतर्रा-जुरली के बीच की गई। यहां सड़क निर्माण में बाधा बन रहे तीन मकानों को बुलडोजर से गिरा दिया गया। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए जरूरी थी। पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

## बलरामपुर : चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या करने वाला आरोपित गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया



बलरामपुर(ए.)। बलरामपुर जिले के थाना सामरीपाठ पुलिस ने चरित्र शंका के आधार पर अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसकी हत्या करने वाले आरोपित को आज शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। यह कार्रवाई अपराध क्रमांक 20/2026, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत की गई।बलरामपुर पुलिस से आज जारी विज्ञप्ति के अनुसार, थाना सामरीपाठ क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर निवासी अर्जन राम उर्फ टावर नगेसिया (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार, 11 जून को सूचक सुगदू बिरिजिया की मौखिक रिपोर्ट पर थाना सामरीपाठ में मर्ग क्रमांक 22/2026 दर्ज कर शव पंचनामा की कार्रवाई की गई थी।मर्ग जांच के दौरान पाया गया कि 10 मई 2026 को आरोपित अर्जन नगेसिया अपनी पत्नी बजन्ती बिरिजिया के साथ साप्ताहिक बाजार ग्राम टाटीझरिया गया था। बाजार से लौटते समय रास्ते में कुछ ग्रामीणों द्वारा आरोपी को यह बताया गया कि उसकी पत्नी किसी व्यक्ति के साथ पकरी पेड़ के नीचे देखी गई है। इस सूचना पर आरोपी द्वारा मौके पर पहुंचकर पत्नी को छन्दन बिरिजिया के साथ पाया गया, जिससे वह आक्रोशित हो गया। आरोपित ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी के साथ हाथ-मुक्का, पैर एवं डंडे से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान 11 जून 2026 को बजन्ती बिरिजिया की मृत्यु हो गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में फॉरेंसिक टीम की उपस्थिति में शव का निरीक्षण कराया गया तथा पोस्टमार्टम कराया गया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर अपराध को गंभीर मानते हुए धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अर्जन उर्फ टावर नगेसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर पुलिस ने उसे आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

## आवारा पशु व नकली खाद-बीज व नशे पर कड़ी कार्रवाई की मांग



धमतरी, (ए.)। खेती बचाओ आंदोलन समिति छत्तीसगढ़ ने किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की बुनियादी समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय मांगों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महंगाई, कृषि संकट, आवारा पशुओं की समस्या, खाद-बीज की कमी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितताओं तथा नशे के बढ़ते कारोबार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। समिति ने इन सभी मुद्दों पर तत्काल, प्रभावी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

केंद्रीय समिति सदस्य टिकेश्वर साहू, प्रदेश प्रभारी सतवंत सिंह महिलांगे, रामविशाल साहू एवं दाऊ लाल साहू ने बताया कि वर्तमान समय में किसान, मजदूर और आम लोग कई बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनका समय पर समाधान नहीं होने से जनआक्रोश लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, जिससे किसानों की फसलें व्यापक स्तर पर नष्ट हो रही हैं और सड़क दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर गौठान एवं पशु आश्रय केंद्रों के प्रभावी संचालन की आवश्यकता है।

### बालको सामुदायिक विकास के लिए कटिबद्ध 'सामुदायिक विकास से बदल रही है गांवों की तस्वीर'

कोरबा(आरएनएस)। किसी भी उद्योग की वास्तविक सफलता केवल उसके उत्पादन या आर्थिक उपलब्धियों से नहीं मापी जाती, बल्कि उस सकारात्मक

# खेल समाचार

## फीफा विश्वकप 2026 : इंग्लैंड टीम का सामान चोरी होने से सुरक्षा इंतजामों की पोल खुली



कंसास सिटी (ए.)। अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में शुरु हुए फीफा विश्वकप फुटबॉल मुकाबलों की शुरुआत में ही कमजोर सुरक्षा इंतजामों की पोल खुल गयी है। यहां अमेरिका की कंसास सिटी में अभ्यास सत्र के दौरान ही इंग्लैंड फुटबॉल टीम को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के खिलाड़ियों के जूते और जर्सियां चोरी हो गईं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना तब हुई जब खिलाड़ियों का सामान फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच से मिसूरी में स्वोप सॉकर विलेज बेस की ओर एक वैन में ले जाया जा रहा था। तभी चोरों ने वैन को निशाना बनाया और टीम कई सामान गायब कर दिये।

वहीं टीम मैनेजमेंट अब इस बात को लेकर परेशान है किखिलाड़ियों के पास आने वाले मैचों और अभ्यास सत्रों के लिए पर्याप्त उपकरण हैं या नहीं। वैन में सिर्फ एक फुटबॉल बची थी, जबकि बाकी सभी चीजें, जिनमें टीम के स्टार खिलाड़ी हैरी केन और जूड बेलिंगहम जैसे दिग्गजों के विशेष मैच जूते भी शामिल थे, गायब थे। ऐसे में टीम के लिए अचानक नए उपकरण लेना और खिलाड़ियों को उनसे सहज महसूस कराना एक बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड का पहला मैच क्रोएशिया के खिलाफ होना है, और तैयारी के अंतिम चरण में हुई इस चोरी से टीम की रणनीति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। विदेशी धरती पर विश्व कप अभियान की शुरुआत से पहले इस तरह की घटना से खिलाड़ियों की मानसिक भी प्रभावित होती है। खिलाड़ियों ने अपनी सुविधा और प्रदर्शन के अनुरूप अपने प्रशिक्षण उपकरण रखे थे। वहीं अब एकदम से बदले हुए सामान से खेलना उनके लिए काफी कठिन रहेगा। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विपरीत प्रभाव भी पड़ सकता है। विश्व कप जैसे वैश्विक आयोजन की सुरक्षा में लगी सेंध से सभी हैरान हैं। है। यह घटना टूर्नामेंट की सुरक्षा योजना और मेजबान देश की व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल भी उठाती है। वहीं द फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) ने इस घटना को लेकर स्थानीय पुलिस से संपर्क किया है। है और जल्द से जल्द खिलाड़ियों के किट तथा अन्य चोरी हुए सामान को बरामद करने को कहा है। अब देखना है कि इस घटना से उबरने के लिए इंग्लैंड किस प्रकार के कदम उठाती है।

## वैभव सूर्यवंशी को श्रीसंत की सलाह, चमक-दमक से दूर रहकर सिर्फ क्रिकेट पर दें ध्यान



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी जल्द ही पहली बार सीनियर स्तर पर भारतीय जर्सी में खेलते नजर आ सकते हैं। अंडर-19 क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है और अब उनसे आयरलैंड, इंग्लैंड तथा एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद की जा रही है। फिलहाल वैभव इंडिया ए टीम का हिस्सा हैं और विभिन्न मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। श्रीलंका ए के खिलाफ वह बड़ी पारी नहीं खेल सके, लेकिन अफगानिस्तान ए के विरुद्ध उन्होंने प्रभावशाली बल्लेबाजी कर अपनी क्षमता का परिचय दिया। इस बीच भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत ने युवा बल्लेबाज को क्रिकेट के साथ-साथ करियर के शुरुआती दौर में आने वाली चुनौतियों को लेकर महत्वपूर्ण सलाह दी है। उनका मानना है कि कम उम्र में मिली लोकप्रियता और सफलता के बीच वैभव को अपने लक्ष्य से भटकने नहीं देना चाहिए। श्रीसंत ने कहा कि युवा खिलाड़ी को पूरी तरह अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए और व्यावसायिक तथा अन्य बाहरी मामलों को परिवार के जिम्मे छोड़ देना चाहिए। एक मीडिया बातचीत के दौरान श्रीसंत ने वैभव को संबोधित करते हुए कहा कि वह पेशेवर प्रबंधकों और एजेंटों के प्रभाव से बचें तथा अपना पूरा ध्यान क्रिकेट पर लगाएं। उनके अनुसार परिवार और पिता इन सभी बाहरी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में सफलता मिलने के बाद अक्सर कई लोग युवा खिलाड़ियों के आसपास सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन ऐसे समय में संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है।

## फीफा वर्ल्ड कप : ब्राजील को झटका, मोरक्को के खिलाफ नहीं खेलेंगे नेमार; पूरे ग्रुप स्टेज में सिलेक्शन के लिए नहीं हो पाएंगे उपलब्ध

न्यू जर्सी(आरएनएस)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में मोरक्को के खिलाफ होने वाले अपने पहले मुकाबले में ब्राजील फुटबॉल टीम स्टार खिलाड़ी नेमार के बिना खेलेगी। टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी के अनुसार, पिंडली की चोट से उबर रहे नेमार पूरे ग्रुप स्टेज में शायद सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप 2022 में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली मोरक्को टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले कोच एंसेलोटी ने कहा कि नेमार में सुधार हो रहा है, लेकिन वह अभी वापसी के लिए तैयार नहीं हैं। एंसेलोटी ने कहा, वह जल्द से जल्द फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह अगले हफ्ते पूरी ट्रेनिंग पर लौट पाएंगे।

मोरक्को से पहले मैच में भिड़ने के बाद ब्राजील का ग्रुप एफ में 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड से सामना होना है, हालांकि कोच ने किसी भी मैच के लिए नेमार के उपलब्ध होने की गारंटी नहीं दी। 34 साल के सैंटोस स्ट्राइकर शुक्रवार को फिर से ट्रेनिंग से गायब नजर आए। नेमार चोट के कारण पनामा और मिस्र के खिलाफ ब्राजील के वार्म अप मैच भी नहीं खेल पाए थे।

उनकी फिटनेस को लेकर चिंताओं के बावजूद एंसेलोटी ने बताया कि उन्होंने इस अनुभवी खिलाड़ी को अपनी वर्ल्ड कप टीम में क्यों शामिल किया। उन्होंने कहा, वह हमारी टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा उदाहरण हो सकते हैं। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी का मानना है कि नेमार सिर्फ अपने खेल से ही नहीं, बल्कि अपने अनुभव और नेतृत्व से भी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। एंसेलोटी ने कहा कि नेमार का अनुभव टीम को रिकॉर्ड छठा वर्ल्ड कप खिताब जीतने की कोशिश में काफी मदद कर सकता है।

## फीफा वर्ल्ड कपः अमेरिका ने धमाकेदार जीत के साथ किया आगाज, पराग्वे को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हराया



नई दिल्ली(आरएनएस)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सह-मेजबान अमेरिका ने टूर्नामेंट का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है। एकतरफा मुकाबले में अमेरिका ने पराग्वे को 4-1 से शिकस्त दी।अमेरिका की ओर से फोलारिन बालोगुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए। अमेरिका की टीम पूरे मैच में हावी नजर आई और पराग्वे को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। अमेरिका के लिए मैच की शुरुआत शानदार रही। मुकाबले के सातवें मिनट में ही अमेरिका ने 1-0 की बढ़त बना बना ली। डेमियन बोबाडिला ने पराग्वे के डिफेंस को भेदते हुए बेहतरीन गोल दागा।मैच के 31वें मिनट में फोलारिन बालोगुन ने अमेरिका की बढ़त को दोगुना कर दिया। फोलारिन की शानदार स्किल्स के सामने पराग्वे का डिफेंस पूरी तरह से बेबस दिखाई दिया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में फोलारिन का एक बार फिर दमदार खेल देखने को मिला और उन्होंने अमेरिका को मुकाबले में 3-0 से आगे कर दिया। पहले हाफ में ही अमेरिका की जीत लगभग पक्की हो गई।हालांकि, दूसरे हाफ में पराग्वे ने आक्रामक खेल दिखाया और वापसी करने का प्रयास किया। टीम को मैच के 73वें मिनट में सफलता हाथ लगी। पराग्वे के सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मॉरीसियो ने पराग्वे के लिए मैच में पहला गोल दागा। इसके बाद अमेरिका ने अपने खेल में आक्रामता बढ़ाई और पराग्वे के डिफेंस पर लगातार दबाव डाला। काफी प्रयास करने के बावजूद भी पराग्वे की टीम को गोल करने में सफलता हाथ नहीं लगी। निर्धारित 90 मिनट के बाद स्टॉपेज टाइम में गियोवानी रेयना ने अमेरिका की बढ़त को 4-1 कर दिया। उन्होंने मैच की आखिरी सीटी बजने से ठीक पहले पराग्वे के डिफेंस को एक बार फिर भेदा और अमेरिका की दमदार जीत पर मुहर लगा दी। फोलारिन बालोगुन 1930 के बाद फीफा वर्ल्ड कप में दो गोल करने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने। इस जीत के साथ ही अमेरिका ने टूर्नामेंट का आगाज शानदार अंदाज में किया है और टीम इस लय को आने वाले मुकाबले में भी बरकरार रखना चाहेगी।

## बरेका में पहली बार होगा वर्ल्ड गोल्ड टूर्नामेंट

वाराणसी (ए.)। भारतीय रेल की अग्रणी उत्पादक इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने खेल क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। पहली बार प्रतिष्ठित डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन गोल्फ टूर्नामेंट-2026 का आयोजन बरेका के गोल्फ कोर्स में दिनांक 16 से 18 जून 2026 तक किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन से बरेका को देश के पेशेवर गोल्फ मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी तथा वाराणसी खेल जगत के प्रमुख केंद्रों में शामिल होगा। उत्कृष्ट प्राकृतिक एवं खेल परिवेश के कारण बरेका गोल्फ कोर्स को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य देश के उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिता की तैयारियों के अंतर्गत 13 जून 2026 को कोर्स सेटअप एवं अंतिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। 14 जून 2026 को प्रो एम इवेंट का आयोजन होगा, जिसमें बरेका के गोल्फरों एवं पेशेवर गोल्फरों की संयुक्त टीमों के मध्य 9-होल प्रतियोगिता सायंकाल 4 बजे आयोजित की जाएगी।

## न्यूजीलैंड के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक', प्रधानमंत्री लक्सन ने दी विलियमसन को शानदार करियर पर बधाई

नई दिल्ली(आरएनएस)। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने शुक्रवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। विलियमसन के रिटायरमेंट पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने पोस्ट लिखते हुए उनकी जमकर तारीफ की।

प्रधानमंत्री ने विलियमसन को न्यूजीलैंड के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि केन विलियमसन को हमेशा न्यूजीलैंड के अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहचान सिर्फ उनकी बल्लेबाजी क्षमता या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने की वजह से नहीं है, बल्कि इसलिए भी है, क्योंकि उन्होंने पूरे करियर में जिस तरह का व्यवहार और अनुशासन दिखाया है, वह भी असाधारण है।



अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री ने विलियमसन को क्लास खिलाड़ी बताते हुए कहा कि वे मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह एक आदर्श खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने लिखा कि केन विलियमसन एक ऐसे क्रिकेटर हैं जिनकी तकनीक, शांत स्वभाव और खेल के प्रति समझ उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विलियमसन न्यूजीलैंड के बे ऑफ प्लेंटी क्षेत्र के एक साधारण परिवार से आते हैं, लेकिन अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बहुत बड़ा नाम बनाया है। उन्होंने कहा कि यह सफर इस बात का उदाहरण है कि लगन और अनुशासन से कोई भी खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े स्तर तक पहुंच सकता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## सीजेरियन डिलीवरी

भारत में बीमा कवरेज बढ़ा है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा सरकारी बीमा योजनाओं का है। संभवत: इसी कारण अस्पताल दंपत्तियों को अनिवार्य ना होने की स्थिति में भी सीजेरियन डिलीवरी पर राजी कर लेते हैं।

भारत में अब 90 फीसदी बच्चों का जन्म अस्पताल में होता है। ये अच्छी खबर नेशनल फैमिली एंड हेल्थ सर्वे-6 (एनएफएचएस-6) रिपोर्ट से आई है। उधर नई सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम स्टैस्टिकल रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में कुल जितने बच्चों का जन्म हुआ, उनमें 66.4 प्रतिशत अपने माता-पिता की पहली संतान थे। लगभग 23 प्रतिशत दूसरी और 7.3 फीसदी तीसरी संतानों का जन्म हुआ। सिर्फ 3.5 प्रतिशत मामलों में चौथी या उसके बाद की संतानों का जन्म हुआ। ये आंकड़े स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन के लिए बढ़ी चेतना की तस्दीक करते हैं। एनएफएचएस-6 के मुताबिक भारत में टोटल फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) 2.0 रह गया है, जो आदर्श 2.1 से थोड़ा कम है।

फिलहाल, यह चिंता का विषय नहीं है, लेकिन टीएफआर और गिरा, तो भविष्य में एक नई चुनौती देश के सामने आ सकती है। बहरहाल, एनएफएचएस-6 से अभी गंभीर चिंता का कारण बन चुका एक रुझान सामने आया है। इसके मुताबिक 2023-24 में प्राइवेट अस्पतालों में 54 प्रतिशत डिलिवरी सीजेरियन हुई। पश्चिम बंगाल में तो ये संख्या 87.7 और तेलंगाना 84 प्रतिशत थी। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत मामलों में सीजेरियन डिलिवरी को स्वीकार्य सीमा में मानता है। अमेरिका में स्वास्थ्य सेवाओं के लगभग पूरी तरह बीमा आधारित होने के बावजूद सीजेरियन डिलीवरी की दर 32 प्रतिशत ही है। स्कैंडेनेवियन देशों में तो यह 16 से 19 फीसदी तक है।

ये आंकड़े बताते हैं कि सीजेरियन डिलीवरी की जरूरत बहुत कम मामलों में पड़ती है। फिर भी भारत में प्राइवेट अस्पतालों में आधी से ज्यादा डिलीवरी इस तरीके से हो रही है, तो इसके पीछे मुख्य कारण मुनाफा कमाने की व्यापारिक मानसिकता को ही समझा जाएगा। एनएफएचएस-6 से सामने आया है कि भारत में बीमा कवरेज बढ़ा है, जिसमें बड़ा योगदान सरकारी बीमा योजनाओं का है। संभवत: इसी कारण अस्पताल दंपत्तियों को अनिवार्य ना होने की स्थिति में भी सीजेरियन डिलीवरी पर राजी कर लेते हैं। अगर ऐसा हो रहा है, तो इसकी पड़ताल की जरूरत है, क्योंकि सरकारी बीमा के तहत अस्पतालों को जो भुगतान होता है, वह करदाताओं की जेब से ही आता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से जशपुर जिले में बदली रही हजारों लोगों की जिंदगी*

0-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जशपुर जिले के 93 हजार से अधिक परिवारों को मिला पक्का मकान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना से राज्य सहित जशपुर जिले में हजारों लोगों की जिंदगी बदली रही है। पक्की छत के नीचे लाखों लोग सुकून से रह रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास और पीएम जनमन योजना ने गरीब और विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्का मकान से लाभांवित कर उनके जीवन में बदलाव लाया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के मंशानुरूप आवास प्लस 2.0 के तहत् सर्वे कर छूटे हुए लोगों को भी शत् प्रतिशत आवास देने का लक्ष्य निर्धारित है।

योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का घर प्रदान करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय और एलपीजी जैसी बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का मकान का लाभ देने है। जिन लोगों को जीवन वर्षों तक संघर्ष और अभाव की छाया में बीता। कच्चे मकान की टूटी-फूटी दीवारें और छत उनके परिवार की मुश्किलों की गवाह थीं। बरसात के मौसम में तो हालत और भी विकट हो जाती थी। घर के भीतर पानी भर जाना, सामान भीग जाता और रातें जागते हुए काटनी पड़ती थीं। खुद के लिए एक पक्का घर बनाना उनका सपना, सपना ही बना रहता था।

छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील सोच का परिणाम जिले के हजारो लोग लाभान्वित*

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक 1 लाख 26 हजार 18 जशपुर जिले में आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें 93 हजार 506 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इन घरों में अपनों के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं।

# मीनाक्षी नटराजन के पास चुनाव याचिका का विकल्प?

-सौरभ वार्ष्णेय



मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र को निरस्त किए जाने और उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से तत्काल राहत न मिलने के बाद सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या उनके पास अब भी कोई कानूनी विकल्प बचा है। इसका उत्तर है—हाँ, चुनाव याचिका का विकल्प अभी भी उपलब्ध हो सकता है, लेकिन वह चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 329 स्पष्ट करता है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान अदालतें सामान्यत: हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। चुनाव की वैधता को चुनौती देने का उचित माध्यम चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव याचिका होती है। इसी संवैधानिक प्रावधान का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मीनाक्षी नटराजन की याचिका पर तत्काल हस्तक्षेप से इनकार किया। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो यह मामला केवल एक उम्मीदवार के नामांकन का नहीं रह गया है। कांग्रेस इसे चुनावी निष्पक्षता और लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रश्न बना रही है, जबकि चुनाव आयोग और सत्तापक्ष इसे चुनावी नियमों के पालन का मामला बता रहे हैं। यदि मीनाक्षी नटराजन चुनाव याचिका दायर करती हैं और अदालत यह पाती है कि नामांकन निरस्त करने में कानूनी त्रुटि हुई थी, तो इससे चुनाव परिणाम और निर्वाचन प्रक्रिया दोनों पर गंभीर प्रश्न खड़े हो सकते हैं। इस पूरे घटनाक्रम का एक बड़ा संदेश यह भी है कि भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग, न्यायपालिका और राजनीतिक दलों के बीच संतुलन कितना महत्वपूर्ण है। चुनाव याचिका का प्रावधान इसी संतुलन को बनाए रखने के लिए बनाया गया था, ताकि चुनाव प्रक्रिया बाधित न हो और साथ ही किसी भी कथित अन्याय की न्यायिक समीक्षा भी संभव रहेकांग्रेस के लिए यह मामला राजनीतिक संघर्ष का प्रतीक बन चुका है। यदि चुनाव याचिका दाखिल होती है, तो यह केवल कानूनी लड़ाई नहीं होगी, बल्कि चुनावी पारदर्शिता और संस्थागत विश्वसनीयता पर भी व्यापक बहस को जन्म दे सकती है। दूसरी ओर, यदि न्यायालय चुनाव आयोग के निर्णय को सही ठहराता है, तो यह चुनावी नियमों के कठोर अनुपालन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जाएगा। मीनाक्षी नटराजन के पास चुनाव याचिका का रास्ता मौजूद है, लेकिन उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह यह साबित कर पाती हैं या नहीं कि उनका नामांकन कानून के विपरीत या मनमाने ढंग से निरस्त किया गया था। यही कारण है कि यह मामला आने वाले समय में भारतीय चुनावी न्यायशास्त्र की एक महत्वपूर्ण कसौटी बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन को रद्द करने वाले रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश में दखल देने से सीधे तौर पर इनकार कर दिया। जस्टिस पीके मिश्र और जस्टिस एएस चंदूरकर की पीठ ने फैसला सुनाया कि राज्यसभा चुनाव के लिए, नामांकन पत्र खारिज होने को चुनौती देने वाली मीनाक्षी नटराजन की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि एक बार जब रिटर्निंग ऑफिसर की तरफ से किसी उम्मीदवार का नामांकन खारिज कर दिया जाता है, तो इसके समाधान के लिए केवल चुनाव आयोग के पास जाना ही एकमात्र उपाय है।

अदालत ने मीनाक्षी नटराजन के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा, निर्णय चाहे कितना भी गलत क्यों न हो, एक बार नामांकन खारिज हो जाने के बाद, इसका उपाय आमतौर पर कहीं और होता है। क्या इस न्यायालय का कोई ऐसा निर्णय है जहां हमने इस स्तर पर हस्तक्षेप किया हो?। सुप्रीम कोर्ट ने मीनाक्षी नटराजन के मामले में स्पष्ट कर दिया कि चुनाव से जुड़े मामलों पर रिट याचिका के माध्यम से कोई राहत नहीं दी जा सकती। सिर्फ सांविधानिक मामलों में ही रिट याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट आया जा सकता है।

चुनाव याचिका संसदीय, विधानसभा या स्थानीय चुनावों के नतीजों की वैधता की जांच करने की एक वैधानिक प्रक्रिया है। आसान शब्दों में कहें तो, यह कानून के तहत किसी चुनाव में विजयी उम्मीदवार के निर्वाचन को अदालत में चुनौती देने का एक साधन है।

### मीनाक्षी नटराजन का मामला क्या है?

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म 26 में तेलंगाना के एक आपराधिक मामले का खुलासा न करने के कारण रिटर्निंग ऑफिसर की तरफ से खारिज किया गया। उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क दिया कि जिस मामले का खुलासा नहीं किया गया उसमें केवल नोटिस जारी हुए थे और जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत नामांकन को गलत तरीके से खारिज किया गया है, लेकिन न्यायालय ने इस स्तर पर कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया।

# विनम्रता,सहजता और संकल्प बड़ी सफलता के मार्ग

संजीव ठाकुर,

मनुष्य सदैव प्रयास करता है कि उसे लक्ष्य और सफलता जल्द से जल्द प्राप्त हो पर वस्तुत: ऐसा होता नहीं है, स्थाई सफलता के लिए कठोर श्रम, संकल्प, सहजता और विनम्रता सच्चे सम्मार्ग हैं। जल्दी का काम शैतान का होता है ऐसा कहावतें कहती है, लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में निरंतर श्रम सहजता सरलता और संघर्ष के साथ संयम का बड़ा योगदान होता है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अत: वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इसका श्रेय देते हैं। और अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठू बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है। विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई-नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं। जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी। ज्ञानी व्यक्ति केवल सूचनाओं का केंद्र ही नहीं होता बल्कि ज्ञान उसे विनम्र और सद्गुणी बनाता है, विनम्रता मनुष्य को उसके जीवन में अच्छे मार्ग में प्रशस्त होता है विनम्र व्यक्ति ही समाज में उचित स्थान तथा सम्मान का हकदार बनता है। विनम्रता से ही मनुष्य समाज के हर पहलू में उसका पात्र बनकर उसे ग्रहण करने का अधिकार रखता है। इसलिए विनम्र एवं ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव सम्मानित एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति बन जाता है। विनम्र व्यक्ति में नेतृत्व गुण भी संभावित होता है क्योंकि ज्ञानी और विनय शील व्यक्ति को अपने नेतृत्व कर्ता के रूप में शहर से स्वीकार करती है। क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने विचारों को आमजन पर अधिरोपित नहीं करता बल्कि उनके विचारों को उनके सुझाओं को प्राप्त कर नए-नए समाधान भी निकलता है। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता के लिए इसे अपना अस्त्र तथा शस्त्र बनाया था। सत्य और अहिंसा विनम्र व्यक्ति के दो अमोघ अस्त्र की तरह थे जो विनम्रता को और प्रभावशाली बनाते हैं। विनम्र व्यक्ति सदा संतोषी एवं परम सुखी होता है क्योंकि उसकी अपनी कोई महत्वाकांक्षा इच्छा, लोभ,जलन अथवा प्रतिस्पर्धा नहीं रहती है, वह अवगुणों से दूर रहकर अपने को परिमार्जित कर लेता है और समाज के विकास के लिए समर्पित भी रहता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में कहा जाता है कि जब वे ज्ञान की खोज में देशाटन कर रहे थे तब लोगों ने उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं दी पर महात्मा बुध ने बिना विचलित हुए अपनी खोज में लगे रहे और उनके अथक प्रयास ,विनम्रता और ज्ञान के दम पर महापरिनिर्वाण की स्थिति को प्राप्त किया। जिस तरह शक्ति को दबाया जा सकता है किंतु समाप्त नहीं किया जा सकता उसी प्रकार विनम्रता कुछ समय के लिए कमजोर प्रतीत हो सकती है अंतत: उसकी अपनी क्षमता व्यापकता और पर्वत के समान कठोर तत्वों के कारण वह हर बाधा को पार कर मनुष्य को सफलता दिलाने में सक्षम होती है इसी विनम्रता और कठोर श्रम के चलते महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार की बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया और भारतवासियों को अपनी विनम्रता से स्वाधीनता का स्वाद चखाया। यही बात हमारी भारतीय सनातन तथा वैदिक संस्कृति पर भी लागू होती है वह हजारों वर्ष से अब तक सुरक्षित बनी हुई है। विनम्रता व्यक्ति हो या संस्कृति उसे विनम्रता स्थायित्व प्रदान करती है एवं आने वाले मार्ग की बाधाओं को समाप्त कर देती है जैसा कि अहंकार का अस्थाई तथा क्षणभंगुर होता है, किसी भी राष्ट्र संस्कृति समाज के स्थायित्व के लिए उसका विनम्र तथा सहिष्णु होना आवश्यक है। इसीलिए यह माना जाता है कि मनुष्य, समाज ,देश के लिए विनम्रता सर्वश्रेष्ठ अवदान है।

> मनुष्य मूलत: अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे-धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी ,साधु एवं सच्चे सद्गुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सद्गुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है।




मेष -लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

वृष -अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

मिथुन-समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्यग्रकारी सिद्ध होगा।

कर्क -मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

सिंह -संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

कन्या -पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

तुला -माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

वृश्चिक -नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा।


धनु -कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

मकर -कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

कुम्भ -शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

मीन -पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी।

# गृहिणियाँ हैं राष्ट्र निर्माता: सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला



डॉ. चन्दर सोनाने

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि घर संभालने वाली महिलाएं सिर्फ होममेकर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता है। वाहन दुर्घटना मुआवजे से जुड़े एक प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि महिला की मृत्यु घरेलु देखभाल का नुकसान है। मुआवजे की गणना के लिए महिला के घरेलु श्रम का मूल्य कम से कम 30 हजार रूपए प्रतिमाह माना जाए। यह राशि हर तीसरे साल 10 प्रतिशत बढ़ेगी।

सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस श्री संजय करोल और कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 25 साल पहले एक हादसे में अपनी पत्नी को खो चुके व्यक्ति के लिए 62 लाख 77 हजार रूपए का मुआवजा मंजूर किया। सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला अन्य मामलों में भी उदाहरण बनेगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में वाहन दुर्घटना पर महिला की मौत पर मुआवजे से जुड़े सभी मामलों में घरेलु देखभाल के नुकसान का अलग मद जुड़ेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक गृहिणियों की मौत पर मुआवजा तय करते समय उनकी आय न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानी जाती थी। उन्हें कुशल या अकुशल मजदूर की श्रेणी में रखा जाता था। इस पर कोर्ट ने कहा कि ये महिला के योगदान का गंभीर अवमूल्यन है। कोर्ट ने यह भी कहा कि गृहिणी परिवार के कमाऊ सदस्य पर निर्भर मानी जाती है, जबकि असल में घर की व्यवस्था काफी हद तक उस महिला पर ही निर्भर होती है। कोर्ट ने लैंगिक भूमिकाओं पर यह भी कहा कि शादी का मतलब नौकरानी रखना नहीं हैं।

सर्वोच्च न्यायालय का उक्त फैसला हरियाणा में 2001 में एक हादसे में महिला की मृत्यु से जुड़ा हुआ है। महिला के पति और तीन बच्चों ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से मुआवजा मांगा था। अधिकरण ने 2003 में 2 लाख 42 हजार रूपए का मुआवजा मंजूर किया था। इस फैसले से नाखुश परिवार पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने 2024 में जारी फैसले में मुआवजा बढ़ाकर 8 लाख 43 हजार कर दिया। साथ ही 7.5 प्रतिशत ब्याज भी देने का आदेश दिया था। इस फैसले से भी असंतुष्ट दावेदार सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा था।सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि मोटर दुर्घटना मुआवजे से जुड़े सभी प्रकरण एक साल में निपटाएं जाने चाहिए और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीशों को इसकी निगरानी करनी चाहिए। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि 4 साल से अधिक समय से लंबित मामले पहले निपटाएं जाने चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय का उक्त आदेश अत्यन्त महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला है। इसका सही मायने में क्रियान्वयन देशभर में चल रहे मोटर दुर्घटना मुआवजे से जुड़े सभी प्रकरणों में किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार गृहिणी को मात्र होममेकर नहीं मानते हुए राष्ट्र निर्माता बताया है। यह फैसला भविष्य में सभी पर लागू होगा। यह भी इस मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला है। अब देश के सभी उच्च न्यायालयों को और मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण को अपने फैसले लेते समय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त ऐतिहासिक फैसले को नजीर मानते हुए अपने फैसले देना चाहिए, तभी सुप्रीम कोर्ट का आदेश सार्थक सिद्ध होगा।

## पुलिस ने 2 देसी पिस्तौल के साथ दो गैंगस्टर को बठिंडा में किया गिरफ्तार

चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब में हथियार और ड्रग्स तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाते हुए कार्रवाई कर रही है। आए दिन तस्करों को पुलिस गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से हथियार और मादक पदार्थ बरामद कर रही है। इसी कड़ी में बठिंडा में दो आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है, जिसमें बताया है, पंजाब की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने बठिंडा में दो आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से .32 बोर की दो देसी पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि दोनों आरोपी फिरोजपुर इलाके में सक्रिय एक जेल में बंद गैंगस्टर द्वारा चलाए जा रहे आपराधिक नेटवर्क से जुड़े हैं। आरोपियों का आपराधिक बैकग्राउंड है और वे हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन समेत कई मामलों में शामिल रहे हैं। सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन बठिंडा में मामला दर्ज किया गया है। नेटवर्क के पिछले और अगले कनेक्शन का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य साथियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है। पंजाब पुलिस संगठित आपराधिक नेटवर्क को खत्म करने और पूरे पंजाब में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पेपर लीक विवाद : कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ की देशव्यापी अभियान की घोषणा, 17 जून से होगी शुरुआत

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । कांग्रेस ने पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर देशव्यापी अभियान के पहले चरण की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने जानकारी दी कि कांग्रेस 17 जून को राजस्थान के कोटा से इसकी शुरुआत करेगी। केसी वेणुगोपाल ने अपने बयान में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी, बेरोजगारी और सरकार की ओर से भारत के युवाओं के साथ लगातार हो रहे धोखे के बढ़ते संकट के खिलाफ एक देशव्यापी अभियान के पहले चरण की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत के छात्रों और युवाओं के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय आवाज बनकर उभरे हैं। वे छात्रों, युवा संगठनों, शिक्षकों और परीक्षा घोटालों से सीधे प्रभावित सभी लोगों को एक साथ लाने के लिए बड़े छात्र सम्मेलनों की एक श्रृंखला आयोजित करेंगे। इसकी शुरुआत कोटा (17 जून), इलाहाबाद (10 जुलाई), पटना (11 जुलाई) और दिल्ली (14 जुलाई) से होगी। यह अभियान उन लाखों युवा भारतीयों की मुश्किलों को उजागर करेगा जिनका भविष्य पेपर लीक, परीक्षा की बढ़ती लागत और निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती और शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता के कारण बार-बार खतरे में पड़ रहा है।वेणुगोपाल ने कहा कि देशव्यापी अभियान के तहत, पार्टी देशभर में एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, पीसीसी, डीसीसी और स्थानीय इकाइयों के माध्यम से बड़े पैमाने पर छात्रों तक पहुंचकर राहुल गांधी के आह्वान को दोहराएगी।

## यूपी खनन विभाग में बड़ा फेरबदल

### - खनन विभाग में 14 अफसरों के तबादले,

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश सरकार ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। विभाग के कुल 14 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें एक सहायक भूवैज्ञानिक, एक रसायन अधिकारी, एक क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी और 11 जिला खान अधिकारी शामिल हैं।

खनन गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाने वाले सहारनपुर, चित्रकूट और फतेहपुर जैसे जिलों के खनन अधिकारियों को भी बदल दिया गया है। नरेश कुमार को संतकबीरनगर से फतेहपुर, शिव दयाल सिंह को मैनपुरी सेसुल्तानपुर, विपेंद्र कुमार राजभर को फतेहपुर से श्रावस्ती और विवेक कुमार को श्रावस्ती से चित्रकूट भेजा गया है।इसके अलावा मन्टू कुमार सिंह को चित्रकूट से मैनपुरी, सुभाष सिंह को पीलीभीत से मथुरा, अक्षय कुमार को मथुरा से संतकबीरनगर, प्रांजुल सिंह को उन्नाव से पीलीभीत, गोपाल कृष्ण दत्ता को मुख्यालय लखनऊ से ललितपुर, अनंत कुमार को कानपुर देहात से सहारनपुर और सुभाष सिंह को सहारनपुर से कानपुर देहात स्थानांतरित किया गया है।सहायक भूवैज्ञानिक सोमेन्द्र तिवारी को मुख्यालय लखनऊ से फतेहपुर का प्रभारी बनाया गया है। सहायक रसायन अधिकारी डॉ. सुशील कुमार को बिजनौर का खान अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी अनन्त कुमार सिंह को अयोध्या के साथ बाराबंकी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।तबादलों के बाद खनन बहुल जिलों में प्रशासनिक निगरानी और प्रवर्तन व्यवस्था को लेकर नई जिम्मेदारियां तय हो गई हैं।

## आपके कंधों पर सजे विंग्स, एक बैज नहीं, यह करोड़ों भारतीयों के भरोसे का प्रतीक हैं

### रक्षामंत्री ने उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विंग्स से किया सम्मानित

हैदराबाद,(ए.)। हैदराबाद में एयरफोर्स एकेडमी में संयुक्त ग्रेजुएशन परेड में भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तट रक्षक के तीन अधिकारियों और सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ वियतनाम के दो प्रशिक्षुओं को उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विंग्स से सम्मानित किया गया। नेविगेशन प्रशिक्षण पूरा करने पर तीन अधिकारियों को ब्रेवेट्स दिए गए।


कैडेट्स को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपको इनोवेशन करना है, एग्जीक्यूट करना है और इन सब में सफलता भी हासिल करना है। आपके लिए दुनिया में चल रहे हर युद्ध में एक नया शिक्षण विद्यालय होना चाहिए। आपको कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट काम और प्रतिभा की उतनी ही जरूरत होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आपके कंधों पर सजे विंग्स, केवल एक बैज भर नहीं हैं, यह करोड़ों भारतीयों के भरोसे का प्रतीक हैं। इसलिए आपको अपनी पूरी सर्विस में प्रोफेसनिल्जम और आचरण के ऐसे उच्च मानक को लगातार बनाए रखना होगा, जो दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।



सिंह ने कहा कि आज, भारतीय वायु सेना अकादमी की संयुक्त स्नातक परेड में आप सभी के बीच आकर मुझे गौरव की भावना हो रही है। सबसे पहले, मैं आप सभी को, प्रशिक्षण के लिए चुनौती पूरी करने पर बधाई देता हूं। आज जब आपके कैडेट जीवन की यात्रा समाप्त हो रही है, तो मुझे लगता है, आपको संतुष्टि और उत्साह का एक मिलाप-जुला भाव महसूस हो रहा है, लेकिन याद रखें, आपकी यात्रा अभी शुरू ही हुई है। आप एक ऐसी सर्विस का हिस्सा बन रहे हैं, जिसने देश की हर कॉल पर अपना बेहतर दिया है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में भी, हमने यही भावना देखी है।

रक्षा मंत्री ने कैडेट्स से कहा कि मेरा विश्वास है कि आपके प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अभ्यासों में आपको अनिश्चितता और अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार किया गया है। एक पेशेवर सैनिक के रूप में यह आपका कर्तव्य है कि आप उभरती चुनौतियों के प्रति सदैव सजग रहें और जरुरत के मुताबिक अपनी प्रतिक्रिया को फिर अंशांकित करते रहें। सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी के आप सभी योद्धाओं से मैं कहना चाहूंगा कि आप आने वाले समय में युद्ध प्रणालियों और रणनीतियों को भी भली-भांति समझें।भारतीय एयर फोर्स लाखों-करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा का बड़ा सोर्स है। अभी हाल ही में भारतीय वायु सेना के ही शुभांशु शुक्ला, भारत की ओर से स्पेस गए थे। अब उस परंपरा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी, आप सबकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों तक भी अपनी छाप छोड़ी है। भारतीय वायु सेना ने अनेक बचाव अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। वायु सेना ने कई अवसरों पर विदेशी नागरिकों को भी सुरक्षित निकालने में भी मदद की।रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं विशेष रूप से महिला पायलटों को बधाई देता हूं, जो आज भारतीय वायुसेना में कमीशन हो रही हैं। नारी शक्ति की बहुसंख्यक संख्या से, हमारी वायुसेना और भी स्ट्रैटजी, संतुलित और मजबूत हो रही है। यह हमारी समावेशी बल की ताकतों को परिभाषित करता है। हमारी वायु सेना और भी मानक, संतुलित और मजबूत हो रही है।

## दिल्लीवासियों को लगेगा झटका! 1 से 3.30% महंगी हो सकती है बिजली; जानें किन लोगों पर पड़ेगा असर



नई दिल्ली, (आरएनएस) । दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं को जल्द ही बिजली दरों में बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, बिजली शुल्क में लगभग 1 प्रतिशत से 3.30 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, इस प्रस्तावित बढ़ोतरी का असर सभी उपभोक्ताओं पर समान रूप से नहीं पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक, 0 से 200 यूनिट और 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को फिलहाल राहत मिल सकती है, यानी उनके बिलों पर इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। वहीं, 500 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई दरों का सीधा असर झेलना पड़ सकता है। ऐसे उपभोक्ताओं के बिजली बिल पहले की तुलना में अधिक आने की संभावना है।

## 13 प्रतिशत की उड़ान, सुशासन और विकास की पहचान- अंजुम आरा



पटना, (ए.)। जद (यू) की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी बिहार आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 13 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि बिहार के सुशासन, समावेशी विकास और जनकल्याणकारी नीतियों की ऐतिहासिक सफलता का स्पष्ट प्रमाण है। यह उपलब्धि केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, बल्कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिहार के विकास के प्रति वर्षों से किए गए सतत प्रयासों और उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से ही नीतीश कुमार ने बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए एक स्पष्ट और दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया। कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार, सड़कों एवं पुलों का अभूतपूर्व निर्माण, गांव-गांव बिजली की पहुंच, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विशेष पहल, पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती तथा गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं ने राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। आज बिहार की आर्थिक प्रगति के जो सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, वे माननीय नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। सुशासन के मॉडल ने बिहार को पिछड़ेपन की छवि से निकालकर विकास और संभावनाओं के नए युग में प्रवेश कराया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय के कारण बिहार में निवेश, उद्योग, रोजगार और आधारभूत संरचना विकास के नए अवसर सृजित हुए हैं। इससे राज्य की विकास यात्रा को और अधिक मजबूती मिली है।



*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 295 करोड़ रुपये से ज़्यादा की लागत वाली 319 जन-कल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।*

## रियल एस्टेट घोटाले में 9 मामलों का फरार घोषित अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली,(आरएनएस) । दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में हुए बड़े धोखाधड़ी के 9 मामलों में फरार घोषित अपराधी शिव नंदन सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कई वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। उसकी गिरफ्तारी को ईओडब्ल्यू की बड़ी सफलता माना जा रहा है।पुलिस के अनुसार, शिव नंदन सिंह यादव ने अपनी कंपनी जीआरपीएल ग्लोब रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से वर्ष 2013 में हरियाणा के ग्रेटर फरीदाबाद के तिलोरी खादर गांव में 'कृष्ण कुंज टाउनशिप' नाम से एक हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू किया था। कंपनी ने आकर्षक विज्ञापनों और झूठे आश्वासनों के जरिए लोगों को लुभाया। प्रोजेक्ट में करीब 10.26 एकड़ जमीन पर 496 रिहायशी प्लॉट विकसित करने का दावा किया गया था।आरोप है कि कंपनी ने निवेशकों से भारी रकम जमा की, लेकिन न तो जमीन कानूनी रूप से उपलब्ध थी और न ही प्रोजेक्ट का कोई विकास कार्य किया गया। नतीजतन सैकड़ों निवेशकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इस मामले में दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट के शाहदरा जिले में वर्ष 2019 में कुल 9 एफआईआर दर्ज की गई थीं। सभी मामलों में धोखाधड़ी का तरीका एक समान था।शिव नंदन सिंह यादव 2019 से ही फरार चल रहा था। बार-बार छापेमारी और खोजबीन के बावजूद वह पुलिस की पकड़ से बचता रहा। वर्ष 2023 में अदालत ने उसे सभी 9 मामलों में घोषित अपराधी घोषित कर दिया था।आईईओडब्ल्यू की टीम ने आरोपी की लगातार निगरानी की। खुफिया जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 12 जून 2026 को फरीदाबाद (हरियाणा) से उसे सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी में एसआई प्रवीण कुमार, मोहित, कुलदीप और एएसआई दिलीप सिंह की टीम शामिल रही।

## दिल्ली-एनसीआर में मौसम हुआ सुहाना, चार दिनों तक गर्मी से राहत के आसार; येलो अलर्ट जारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार 13 जून के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर में तेज हवाओं, गरज-चमक, आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले चार दिनों तक मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहेगा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के स्थानीय पूर्वानुमान के अनुसार, 13 जून को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिन और शाम के समय हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके बाद, 14 जून को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा गरज-चमक विकसित होने की संभावना जताई है। 15 जून को तापमान 39/25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दिन आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं, 16 जून को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तथा न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दिन भी बादलों के बीच कहीं-कहीं गरज-चमक की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

इसी तरह, 17 और 18 जून को भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दोनों दिनों में मौसम विभाग ने आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई है और फिलहाल किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम में आए बदलाव का सकारात्मक असर वायु गुणवत्ता पर भी देखने को मिल रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण तंत्र के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली-नोएडा के अधिकांश मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई ग्रीन और संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किया गया है। दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों में अलीपुर 61, आनंद विहार 100, अशोक विहार 80, बवाना 92, बुराड़ी क्रॉसिंग 78, कैंटोनमेंट एरिया 71, चांदनी चौक 85, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 67, सीआरआरआई मथुरा रोड 71 और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज 54 एक्यूआई दर्ज किया गया।

वहीं, नोएडा के चारों सक्रिय स्टेशनों पर भी वायु गुणवत्ता काफी बेहतर रही। सेक्टर-125 में एक्यूआई 73, सेक्टर-62 में 72, सेक्टर-1 में 81 और सेक्टर-116 में 73 दर्ज किया गया। ये सभी आंकड़े संतोषजनक श्रेणी में हैं।

लगातार हो रही बारिश, तेज हवाओं और वातावरण में नमी बढ़ने के कारण प्रदूषण के स्तर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल एनसीआर के अधिकांश क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता सामान्य से कहीं बेहतर है और लोगों को पहाड़ी इलाकों जैसी अपेक्षाकृत स्वच्छ हवा का अनुभव हो रहा है।

# भांजी से बात करने की खौफनाक सजा, मामाओं ने बीच सड़क पर युवक पर चढ़ा दी कार

जूनागढ़ ,(आरएनएस)। गुजरात के जूनागढ़ जिले से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक को लड़की से बात करना इतना भारी पड़ गया कि उसे जानलेवा हमले का शिकार होना पड़ा। लड़की के मामाओं को युवक का उनकी भांजी से बात करना बिल्कुल पसंद नहीं था। इसी रंजिश के चलते मामाओं ने बीच सड़क पर फिल्मी स्टाइल में युवक की बाइक को अपनी तेज रफ्तार कार से रौंद डाला। शुरुआत में यह पूरा मामला एक सामान्य सड़क हादसा लग रहा था, लेकिन जब पुलिस के हाथ घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज लगा, तो इस खौफनाक साजिश की पूरी सच्चाई दुनिया के सामने आ गई।

### हादसे की आड़ में रची गई थी हत्या की खौफनाक साजिश

दिल दहला देने वाली यह घटना जूनागढ़ जिले के मांगरोल इलाके की है। बीते 10 जून को मांगरोल-कामनाथ रोड पर दो युवक अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़े और कार सवारों ने उन्हें कुछ दूर तक घसीटा भी। इस



जानलेवा हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत ही गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।


### सीसीटीवी कैमरे ने खोल दिया झूठे एक्सीडेंट का राज

इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों को लगा था कि इसे कोई भी एक आम सड़क दुर्घटना ही समझेगा। पुलिस भी शुरुआत में इसे दुर्घटना मानकर ही जांच कर रही थी, लेकिन जब इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो कहानी ही पलट गई। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा था कि कार सीधे बाइक की तरफ बढ़ती है और जानबूझकर उसे रौंद देती है। जांच अधिकारियों ने दावा किया है कि यह कोई टक्कर नहीं थी, बल्कि बाइक सवारों को जान से मारने के इरादे से किया गया सीधा हमला था।

### चेतावनी न मानने पर दिया वारदात को अंजाम, दोनों आरोपी गिरफ्तार

जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान शेपा गांव के रहने वाले याकूब घमेरिया और अनवर घमेरिया के रूप में की, जो रिश्ते में उस युवती के सगे मामा हैं। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया है कि पीड़ित युवक और आरोपियों की भांजी के बीच बातचीत होती थी, जिससे दोनों मामा बेहद खफा थे। उन्होंने पहले भी युवक को धमकी देकर भांजी से दूर रहने की चेतावनी दी थी। जब युवक ने उनकी बात नहीं मानी, तो उन्होंने उसे रास्ते से हटाने के लिए इस सड़क हादसे का खूनी प्लान बना डाला। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मांगरोल पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपी मामाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस उनसे सख्ती से पूछताछ कर रही है।

## CM रेखा गुप्ता के नेतृत्व में 14 जून को 28 घाटों पर आयोजित होगा 'मां यमुना तट स्वच्छता अभियान'



नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार रविवार 14 जून को यमुना नदी के 28 घाटों पर 'मां यमुना तट स्वच्छता अभियान' का आयोजन करेगी। 'एक संकल्प - स्वच्छ यमुना' के संदेश के साथ आयोजित होने वाला यह महाअभियान यमुना नदी को उसका गौरव लौटाने, नदी तटों को स्वच्छ बनाने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और जनभागीदारी को एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगा। इस अभियान में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं ठोकर नंबर-14 गीता कॉलोनी घाट पर उपस्थित रहकर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करेंगी और हजारों नागरिकों के साथ श्रमदान कर स्वच्छ, निर्मल और जीवनदायिनी यमुना के संकल्प को मजबूत करेंगी। इस अभियान में दिल्ली के सांसद, सरकार के मंत्री व अन्य गणमान्यजन भी भागीदारी करेंगे। यह विशेष अभियान यमुना के घाटों पर सुबह 6 बजे से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना केवल नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय धरोहर है। यमुना का संरक्षण और उसकी स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व भी है।

# अमेरिका-ईरान बातचीत से जल्द मिलेगी कामयाबी, टकराव से बढ़ रही मुश्किलें

## जयशंकर बोले- भारत समेत कई देश तनाव कम करने में मदद करने की कोशिश कर रहे



हेलसिंकी,(ए.)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका-ईरान बातचीत से जल्द ही कामयाबी मिलेगी। उन्होंने कहा कि लगातार टकराव मुश्किलें खड़ी कर रहा है और दुनिया का ज्यादातर हिस्सा निराशा है। हेलसिंकी में कुलटारेंटा वार्ता में अपनी फिनिश समकक्ष एलिना वाल्टोनन और यूएई की साहयक विदेश मंत्री लाना नुसेबेह के साथ उभरती ताकतें और नए भू-राजनीतिक मुकाबले पर एक पैनल चर्चा में जयशंकर ने कहा कि भारत समेत कई देश बढ़ते संघर्ष के बीच तनाव कम करने में मदद करने की कोशिश कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जब पूछा गया कि क्या भारत सिर्फ एक तरह के फ्रस्ट्रेटेड ऑब्जर्वर की भूमिका में फंसा है या स्थिति को संभालने में मदद के लिए और कुछ कर सकता है? इस पर जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि इस समय दुनिया का ज्यादातर हिस्सा एक फ्रस्ट्रेटेड ऑब्जर्वर की स्थिति में फंसा है, लेकिन बहुत सारे देश इस स्थिति में वह करने की कोशिश कर रहे हैं जो वे कर सकते हैं। इसलिए यह कोशिश न करने की वजह से नहीं है। मैं सिर्फ हमारे बारे में बात कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि निश्चित रूप से ऐसे बहुत सारे देश नहीं हैं जिनके सभी शामिल पार्टियों के साथ अच्छे संबंध होंगे। हमें बहुत उम्मीद है कि अमेरिका-ईरान बातचीत से जल्दी नतीजा निकलेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक जयशंकर ने पश्चिम एशिया में स्थिति की जटिलता पर जोर देते हुए कहा कि भारत के इस क्षेत्र के सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स, जिनमें अमेरिका, इजराइल, ईरान और खाड़ी देश शामिल हैं के साथ मजबूत संबंध हैं। भारत को दुनिया की उन बड़ी ताकतों में से एक बताते हुए, कहा जिनकी भूमिका बड़े वैश्विक मुद्दों पर मायने रखती है, जयशंकर से पूछा कि नई दिल्ली रूस-यूक्रेन युद्ध और ईरान से जुड़ी स्थिति से पैदा हुई दोहरी चुनौतियों का आकलन कैसे करती है और वह उनसे कैसे निपटने की कोशिश कर रही है।

इस पर जयशंकर ने कहा कि ज्यादातर देश उन युद्धों के लिए कमिटेड होते हैं जिन्हें वे लड़ते हैं और उन युद्धों के बारे में साफ नहीं होते जिन्हें वे एक आम बात मानते हैं। इसलिए मैं अपने आस-पास के कई युद्धों के बारे में सोच सकता हूं जिनके बारे में बाकी दुनिया का नजरिया काफी साफ नहीं है। इस खास मामले में चुनौती यह है। आसान शब्दों में कहें तो, आपके पास चार पार्टियां हैं, जो अमेरिका, इजराइल और ईरान हैं। मैं खाड़ी देशों को एक पार्टी के तौर पर इस्तेमाल कर रहा हूं, हालांकि मैं मानता हूं कि वे हैं; उनकी स्थिति बहुत अलग है और उन सभी के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत तेहरान के साथ अच्छे और मजबूत संबंध रखता है, जबकि उन्होंने यह भी कहा कि इस इलाके के डायनामिक्स में शामिल चार खास लोगों के साथ नई दिल्ली के संबंध नेचर या स्कोप में एक जैसे नहीं हैं।

# ईरान से डील का ऐलान कर ट्रंप ने नेतन्याहू पर गिराया बम, बिगड़ा इजराइल का खेल

**-ट्रंप ने दो टूक कहा- अब युद्ध को खत्म करने का समय आ गया, यह शानदार समझौता**



वाशिंगटन,(ए.)। ईरान युद्ध को इजराइल सत्ता और परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ निर्णायक बनाना चाहता था, उसका अंत अब इजराइल की मर्जी से नहीं बल्कि ट्रंप की डील से होता नजर आ रहा है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने गुरुवार शाम इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर दो टूक कहा कि ईरान के साथ समझौता कुछ ही दिनों में साइन होने जा रहा है और अब इस युद्ध को खत्म करने का समय आ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा कि यही डील है। यह एक शानदार समझौता है।

रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि जब नेतन्याहू युद्ध में उतरे थे, तब उन्होंने ऐसा अंत नहीं सोचा था। शुरुआत से ही उनका मानना था कि यह युद्ध ईरान में सत्ता परिवर्तन का रास्ता खोल सकता है, लेकिन अब हालात ऐसे बन गए हैं कि इजराइल को बातचीत की मेज से बाहर कर दिया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रंप का सोशल मीडिया पोस्ट, जिसमें उन्होंने डील लगभग तय होने की बात कही थी, नेतन्याहू के लिए भी चौंकाने वाला था। यहां तक कि इजराइली अधिकारियों को पहले से इसकी जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के ऐलान के करीब एक घंटे बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान नेतन्याहू ने ज्यादा विरोध नहीं किया और न ही बहस की। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उन्हें समझ आ गया कि अब इस समझौते को रोकना उनके बस की बात नहीं।

इजराइली नेतृत्व को डर है कि युद्ध समाप्त होने और समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद ईरान बातचीत को लंबा खींच सकता है, जबकि दूसरी तरफ तेल बेचकर और आर्थिक राहत पाकर खुद को फिर से मजबूत कर लेगा। इजराइल को डर है कि लेबनान में लागू होने वाले युद्धविराम के कारण हिजबुल्लाह के खिलाफ उसकी सैन्य कार्रवाई सीमित हो सकती है। तेल अवीव को आशंका है कि आगे हर बड़े सैन्य कदम पर उसे वॉशिंगटन से सलाह लेनी होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सप्ताह की शुरुआत में नेतन्याहू ईरान के ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर बड़े हमलों की तैयारी कर चुके थे, लेकिन आखिरी समय में ट्रंप ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद से इजराइल को ट्रंप प्रशासन ने बातचीत प्रक्रिया से बाहर कर दिया है।

### इंडोनेशिया में जेन-जी का सरकार के खिलाफ विशाल प्रदर्शन

**महंगाई और खर्चीली योजनाओं पर उठाए सवाल**



जकार्ता,(ए.)। इंडोनेशिया में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबैंतो की सरकार के खिलाफ युवाओं का असंतोष खुलकर सामने आया है। राजधानी जकार्ता में हजारों छात्रों और युवाओं ने आर्थिक नीतियों, बढ़ती महंगाई और सरकारी खर्चों के विरोध में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। दिवालिया इंडोनेशिया की ओर नाम से चलाए गए इस आंदोलन में प्रदर्शनकारियों ने सरकार से ईंधन कीमतों में वृद्धि वापस लेने और महंगी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करने की मांग की।

प्रदर्शन का केंद्र सरकार की 'फ्री न्यूट्रिशियस मील' योजना रही, जिसकी वार्षिक लागत लगभग 15 अरब डॉलर बताई जा रही है। छात्रों का आरोप है कि यह योजना देश की वित्तीय स्थिति पर भारी बोझ डाल रही है और इसके क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार तथा कुप्रबंधन के आरोप भी सामने आए हैं। कुछ क्षेत्रों में स्कूली बच्चों के भोजन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं ने भी विवाद को बढ़ाया है। युवाओं ने सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी, सरकारी फिजूलखर्ची पर रोक, मुफ्त भोजन योजना को निलंबित करना तथा सार्वजनिक धन के उपयोग में पारदर्शिता बढ़ाना शामिल है।

# उज्जैन पुलिस की बड़ी सफलताः 16 माह बाद मिली अपहत नाबालिग, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

उज्जैन (ए.)। थाना पवासा पुलिस ने अपहृत बालिकाओं की तलाश अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी सागर उर्फ रामसागर केवट को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के बाद आरोपी पर पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं। पुलिस के अनुसार 22 फरवरी 2025 को एक महिला ने थाना पवासा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी दो बेटियों के साथ गलपुरा स्थित रिश्तेदार के घर रुकी हुई थी। 21 फरवरी की रात करीब 9 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी बाथरूम जाने का कहकर नीचे गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गमर सिंह मंडलोई के नेतृत्व



में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से लगातार तलाश अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस राजगढ़ जिले पहुंची, जहां मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिग बालिका एक संदिग्ध युवक के साथ पचोर रेलवे स्टेशन के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर स्टेशन से बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया तथा आरोपी सागर उर्फ रामसागर पिता बद्रीलाल केवट (23), निवासी गोपालपुर, सारंगपुर को गिरफ्तार कर लिया।

**जांच के बाद बढ़ाई गईं पॉक्सो एक्ट की धाराएं**

बालिका के बयान एवं जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रकरण में पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गई हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान लगातार जारी है तथा ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गमर सिंह मंडलोई ने बताया कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों के प्रति पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति है। आरोपी से पूछताछ के लिए रिमांड लिया जाएगा तथा पीड़िता की काउंसलिंग भी कराई जाएगी।

## फीचर

# समाज के साथ फिल्मों को भी बदलना होगा : कंगना रनौत



मुंबई (ए.)। हाल ही में अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने फिल्मी दुनिया के बदलते दौर को लेकर अपनी राय साझा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फिल्मों को समाज के साथ-साथ खुद को भी लगातार बदलना होगा, क्योंकि अगर सिनेमा समय की मांग को नहीं समझेगा, तो दर्शकों के साथ उसका भावनात्मक रिश्ता कमजोर पड़ सकता है।

यह एक ऐसा पहलू है जिस पर फिल्म उद्योग को गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इंटरव्यू के दौरान, जब कंगना रनौत से पूछा गया कि क्या बड़े कलाकारों की भारी फीस फिल्मों को नुकसान पहुंचाने का एक कारण बनती है, तो उन्होंने इस सवाल का बहुत ही सीधा और तार्किक जवाब दिया। उन्होंने कहा, जब कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है, तब उसके हर खर्च पर सवाल उठना शुरू हो जाता है। लोग बारीकी से यह देखने लगते हैं कि पैसा कहां और कितना खर्च किया गया। ऐसे समय में, कलाकारों की फीस से लेकर फिल्म निर्माण के हर हिस्से पर गहन चर्चा होती है। उन्होंने एक सरल उदाहरण देते हुए समझाया, अगर किसी घर की आमदनी कम हो जाए, तो परिवार स्वाभाविक रूप से अपने खर्चों को कम करने की कोशिश करता है। लोग सोच-समझकर पैसा खर्च करते हैं और गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाते हैं। ठीक इसी तरह, जब फिल्मों की कमाई कम होती है, तो इंडस्ट्री भी अपने खर्चों का हिसाब-किताब देखने लगती है।

ऐसे में कलाकारों की फीस पर सवाल उठना एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। कंगना ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि यह केवल फीस का मामला नहीं है, बल्कि सबसे जरूरी बात यह है कि फिल्में समय के साथ बदलें और दर्शकों की नब्ज को पहचानें। उन्होंने कहा, समाज बहुत तेजी से बदल रहा है, लोगों की सोच, प्राथमिकताएं और मनोरंजन देखने का तरीका भी बदल चुका है। ओटीटी प्लेटफॉर्म और वैश्विक सामग्री की उपलब्धता ने दर्शकों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है। इसलिए, फिल्म इंडस्ट्री को भी नई पीढ़ी और नए दर्शकों की पसंद को गहराई से समझना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, अगर फिल्में खुद को लगातार बेहतर और अधिक प्रासंगिक बनाती रहेंगी, तभी वे आज के दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर पाएंगी और सिनेमाघरों तक लाने में सफल होंगी।

कंगना की को-स्टार स्मिता तांबे ने भी इसी विषय पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि हर इंसान किसी कहानी में अपने जीवन का कोई न कोई हिस्सा देखना चाहता है। दर्शक तब ज्यादा प्रभावित होते हैं, जब उन्हें लगता है कि फिल्म की कहानी या किरदार उनके जैसे लोगों की बात कर रहे हैं और उनके अनुभवों को दर्शा रहे हैं। यही जुड़ाव किसी फिल्म को खास बनाता है और उसे दर्शकों के दिलों में जगह दिलाता है। स्मिता ने अपनी आगामी फिल्म भारत भाग्य विधाता का उदाहरण देते हुए कहा, हमारी फिल्म भारत भाग्य विधाता की कहानी आम लोगों से जुड़ी हुई है। इसमें ऐसी महिलाओं, माओं, नर्सों और कामकाजी लोगों की भावनाओं और संघर्षों को दिखाया गया है, जिनसे देश का एक बड़ा वर्ग खुद को जोड़ सकता है। जब दर्शक खुद को किसी कहानी में देखेंगे, तभी वे उस फिल्म से भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे और उसे अपना पाएंगे।



### बेटी पलक ने की तस्वीरें शेयर, मां श्वेता के सामने बेटी का लुक पड़ा फीका

मुंबई,(ए.)। पलक तिवारी में स्टाइल के मामले में अपनी मां श्वेता तिवारी की ही झलक दिखाती हैं। बढ़ती उम्र के साथ श्वेता का फैशन सेंस और भी ज्यादा ग्लैमरस हो गया है, जिससे कई बार उनके सामने बेटी पलक का ग्लैमर भी फीका नजर आता है। हाल ही में पलक ने मिनी ड्रेस में अपना बेहद आकर्षक और बोल्ड लुक शेयर किया, जिसने सभी का ध्यान खींचा। वहीं दूसरी तरफ श्वेता तिवारी ने जीन्स में अपना कैजुअल लेकिन बेहद स्टाइलिश अंदाज दिखाया और एक बार फिर साबित कर दिया कि उम्र उनके फैशन पर कोई असर नहीं डालती।

रिपोर्ट के मुताबिक दोनों मां-बेटी ने अपनी-अपनी तस्वीरें शेयर की, जिसमें वे अलग-अलग लोकेशंस पर अपने अलग-अलग अंदाज में नजर आईं और फैंस को उनका स्टाइल खूब पसंद आया। बता दें हाल ही में श्वेता अपने बेटे के साथ जापान में घूम रही हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी फोटोज शेयर की है।

### कृति सेनन ने कॉकटेल 2 के शूटिंग के अनदेखे मजेदार पल किए साझा

मुंबई (ए.)। अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म कॉकटेल 2 को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कृति सेनन ने हाल ही में फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक बेहद मजेदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो साझा किया है,



जिसमें कई खूबसूरत और अनदेखे पल देखने को मिले।

अभिनेत्री कृति सेनन ने यह वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसने देखते ही देखते फैंस के बीच हलचल मचा दी। वीडियो में फिल्म के सेट पर बिताए गए कई खुशनुमा क्षणों को खूबसूरती से पिरोया गया है। वीडियो में सबसे ज्यादा ध्यान फिल्म के एक बड़े और भव्य गाने की शूटिंग पर जाता है, जहां कृति सेनन और अभिनेता शाहिद कपूर एक साथ जोरदार ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। दोनों कलाकार कभी ताल पर नाचते दिखाई देते हैं तो कभी सेट पर एक-दूसरे के साथ हंसते और मस्ती करते हुए नजर आते हैं। यह स्पष्ट है कि वे शूटिंग के हर पल का भरपूर आनंद ले रहे थे, जिसकी झलक वीडियो में साफ दिख रही है।

वीडियो में कृति अलग-अलग लुक्स में दिखाई दे रही हैं, जो उनके किरदारों की विविधता को दर्शाता है। वहीं, शाहिद कपूर भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों कलाकारों के बीच बेहतरीन ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और ऑफ-स्क्रीन बॉन्डिंग दिख रही है, जो फिल्म के लिए एक सकारात्मक संकेत है। वीडियो में डांस की तैयारियों और रिहर्सल के पल भी दिखाए गए हैं, जहां कलाकार गाने के लिए कड़ी मेहनत करते दिखाई देते हैं। समुद्र किनारे फिल्माए गए कई सीन्स बेहद खूबसूरत और मनमोहक हैं, जो दर्शकों को एक विजुअल ट्रीट देने का वादा करते हैं। बड़ी संख्या में लोग म्यूजिक पर नाचते और खुशी मनाते नजर आते हैं, जिससे गाने का माहौल और भी जीवंत लगता है। फिल्म में दूसरी मुख्य अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की भी वीडियो में एक छोटी सी झलक दिखाई देती है, जो फैंस के लिए एक सरप्राइज है। इसके अलावा, फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया भी शूटिंग के दौरान कलाकारों के साथ बातचीत करते और दृश्यों को निर्देशित करते नजर आते हैं। कृति सेनन ने इस मनमोहक वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, मेंटली अभी भी फिल्म की दुनिया में हूं। 19 जून से थिएटर्स में कॉकटेल 2 जरूर देखने आएं। उनका यह कैप्शन फिल्म के प्रति उनके लगाव और दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने की अपील को दर्शाता है। कॉकटेल 2 इस साल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली फिल्मों में से एक है। यह साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म कॉकटेल की अगली कड़ी है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। पहली फिल्म की सफलता को देखते हुए, इस नई फिल्म से भी लोगों को काफी उम्मीदें हैं।

# अपनी जिद से की हैदर से शादी, चौथे दिन ही हुआ गलती का अहसास

## -टीवी एक्ट्रेस ईवा ग्रोवर ने बताई तलाक की बात, पति करता था मारपीट



नई दिल्ली,(ए.)। टीवी एक्ट्रेस ईवा ग्रोवर ने आमिर के सौतेले भाई हैदर से शादी रचाई थी। परिवार के खिलाफ जाकर ईवा ने घर बसाया, लेकिन जल्द ही उनका तलाक हो गया। ये शादी एक्ट्रेस के लिए खुशी नहीं थी। एक पॉडकास्ट में ईवा ने कहा कि हैदर बहुत गुस्से वाले थे। जब मैं 15-16 साल की थी, तो मुझ पर शादी का भूत सवार था। मैंने शादी के लिए 16 सोमवार के व्रत किए। शादी और बच्चे मेरा सपना था। मैं शादी के बाद एक फिल्मी लाइफ सोच रही थी, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईवा ने कहा कि जब वह 27 साल की थी, तो हैदर से शादी की थी। उन्हें सिर्फ 18 दिन डेट किया था। शादी के चौथे दिन उन्हें पता चला कि ये शख्स मेरे लिए नहीं है। हैदर वो इंसान नहीं थे, जैसा मैंने सोचा था। पहले मैं कहती थी कि वो गलत थे, लेकिन अब मैं सारा दोष उन पर नहीं दे सकती। शायद शादी में मेरी गलती भी रही है। वो दूसरे धर्म से थे। मम्मी और परिवार वालों ने मना किया, लेकिन मैंने घर से भागकर उनसे शादी रचा ली। उस समय मैं अपने करियर के पीक पर थी। ईवा कहती हैं कि शादी के बाद मुझे एहसास हुआ कि गलती हो गई। एक गलत इंसान से शादी कर ली है। वो बहुत गुस्सैल था। मेरे साथ मारपीट करता था। एक्ट्रेस कहती हैं कि मारपीट होने के बावजूद उन्होंने कुछ सालों तक शादी निभाई, ये सोचकर कि शायद चीजें बेहतर हों, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उस वक्त मैं हालात और खुद को दोष देती थी। शादी के चार साल मैंने ये सोच कर बच्चा पैदा किया कि शायद चीजें बेहतर हो जाएं, लेकिन नहीं हुईं। हमारे देश में कई लोग सोचते हैं कि बच्चा करने के बाद शादी बच जाएगी, लेकिन कई जगहों पर ये चीज काम नहीं करती है। उन्होंने बताया कि बेटी के जन्म के एक महीने बाद चीजें और बदतर हो गईं। मैंने टेंशन में रहने लगी। उस वक्त मैं वक्त बताएगा कौन अपना कौन पराया की शूटिंग कर रही थी। मेरे साथियों ने मेरा डिप्रेशन देखा। वह मेरे घर आए और मेरी मम्मी से बात की। उन्होंने कहा कि इसे इस रिश्ते बाहर निकलना होगा। उनके मोटिवेशन के बाद ही मैं हैदर को छोड़ पाई। ईवा ने कहा कि आमिर के पिता ताहिर हुसैन बहुत अच्छे इंसान थे। बेटे हैदर की हरकत पर वो कई बार रोए भी। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी सास शहनाज भी नेक दिल महिला थीं।

# विधायक नागेंद्र सिंह की बहू की हालत स्थिर, रीवा के विंध्य हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद निकाली गई गोली

रीवा (ए.)। सतना जिले के ऊंचेहरा थाना क्षेत्र स्थित परसमनिया गढ़ी में गुरुवार को हुई गोलीबारी की घटना में घायल हुई विधायक नागेंद्र सिंह के परिवार की सदस्य योगिता सिंह की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। सतना से रेफर किए जाने के बाद उनका इलाज रीवा के निजी विंध्य हॉस्पिटल में चल रहा है, जहां डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन कर उनके पेट से गोली निकाल दी है।

**क्या था मामला ?**

जानकारी के अनुसार, योगिता सिंह नागौद विधायक नागेंद्र सिंह के भतीजे रूपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा की पत्नी हैं। गुरुवार को वह अपने बेटे और भाई के साथ नागौद किला से परसमनिया गढ़ी पहुंची थीं। इसी दौरान वहां मौजूद सुनीता सिंह परिहार से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुनीता सिंह ने गाली-गलौज करते हुए गोली चला दी, जो योगिता सिंह के पेट में जा लगी। गोली लगने के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रीवा रेफर कर दिया गया। इसके बाद उन्हें रीवा के निजी विंध्य हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने



उनका ऑपरेशन किया।

**डॉक्टरों ने क्या बताया ?**

शनिवार को डॉक्टरों ने बताया कि गोली शरीर के भीतर करीब दो इंच तक धंस गई थी, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा काफी बढ़ गया था। समय रहते सर्जरी कर गोली निकाल ली गई। फिलहाल योगिता सिंह की हालत स्थिर है और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

घटना की सूचना मिलते ही ऊंचेहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला सुनीता सिंह परिहार को गिरफ्तार कर लिया है। योगिता सिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुनीता सिंह और योगिता सिंह के बीच पहले से विवाद चल रहा था। पूर्व में दोनों पक्षों के बीच मारपीट का मामला भी पुलिस तक पहुंच चुका था। पुलिस घटना में प्रयुक्त हथियार, गोली चलाने के कारण और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर रही है। राजघराने से जुड़े इस हाई-प्रोफाइल गोलीकांड को लेकर पूरे विंध्य क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

## बच्ची की दवाई लेकर लौट रही महिला पर बदमाशों ने फेंका तेजाब, हालत गंभीर; दर्द से कराहती रही पीड़िता



सागर (ए.)। सागर जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ कैंट थाना क्षेत्र के बिट्ठल नगर कजलीवन मैदान इलाके में शनिवार को दिनदहाड़े एक महिला पर तेजाब फेंक दिया गया। इस सनसनीखेज हमले के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से झुलसी महिला को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (BMC) रेफर कर दिया है।

**बच्ची की दवाई लेकर लौट रही थी पीड़िता**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिला अपनी मासूम बच्ची की तबीयत खराब होने के कारण पास के ही एक मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गई थी। वह दवाई खरीदकर पैदल ही अपने घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे दो अज्ञात नकाबपोश युवकों ने महिला को निशाना बनाया और उस पर तेजाब उड़ेल दिया। बदमाशों द्वारा फेंका गया तेजाब महिला की पीठ पर गिरा, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। दर्द से कराहती महिला की आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ते, तब तक आरोपी मौके से रफूचक्कर हो चुके थे।

**इलाके में भारी पुलिस बल तैनात, खंगाले जा रहे CCTV**

वारदात की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने महिला को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहाँ डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस खौफनाक हमले के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस घटना स्थल और उसके आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की बाइक और उनके हुलिए की पहचान की जा सके।

# छात्राओं की शिकायत सही निकली: खराब भोजन और अव्यवस्थाओं को लेकर गिरी गाज, छात्रावास अधीक्षिका पद से हटाई गईं

शिवपुरी (ए.)। शासकीय अनुसूचित जाति कन्या पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में रहने वाली छात्राओं की शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अधीक्षिका प्रीति सूर्येश को तत्काल प्रभाव से अधीक्षकीय प्रभार से मुक्त कर दिया है। जांच में छात्राओं द्वारा लगाए गए कई आरोप सही पाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। उनकी जगह अनीता तिग्गा को छात्रावास की नई अधीक्षिका नियुक्त किया गया है।

**क्या था मामला ?**

मामले की शुरुआत 9 जून को आयोजित जनसुनवाई से हुई थी, जब छात्रावास की कई छात्राएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। इसके बाद 11 जून को भी छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं की शिकायत की।

छात्राओं ने आरोप लगाया था कि छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है और खाने में कीड़े निकल रहे हैं। इसके अलावा पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, शौचालयों की संख्या कम है तथा साफ-सफाई



की स्थिति भी बेहद खराब है। छात्राओं ने अधीक्षिका के व्यवहार पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि समस्याएं बताने पर उन्हें नजरअंदाज किया जाता था और शिकायत करने पर धमकाया जाता था।

छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। इसके लिए एक जांच दल गठित किया गया, जिसने छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं द्वारा लगाए गए कई आरोप सही पाए गए। जांच में भोजन की गुणवत्ता खराब मिली, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं में भी गंभीर कमियां सामने आईं। शौचालयों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

**फिर क्या हुआ ?**

जांच दल ने अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी, जिसमें उल्लेख किया गया कि अधीक्षिका प्रीति सूर्येश द्वारा अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया। रिपोर्ट में छात्रावास की अव्यवस्थाओं के लिए उनकी लापरवाही को जिम्मेदार माना गया।

रिपोर्ट के आधार पर जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने आदेश जारी कर प्रीति सूर्येश को छात्रावास के अधीक्षकीय प्रभार से मुक्त कर दिया। उन्हें शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम शाला, कोटा में शिक्षकीय कार्य के लिए संबद्ध किया गया है। वहीं शासकीय अनुसूचित जाति कन्या सीनियर छात्रावास, फतेहपुर में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका अनीता तिग्गा को छात्रावास का नया अधीक्षक नियुक्त किया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## सतना में दबंगई: दुकान में घुसकर युवक ने मचाया उत्पात, गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज; पुलिस एक्शन में



सतना (ए.)। सतना शहर के घूरडांग मोहल्ले में एक बार फिर अपराधियों के बढ़ते हौसलों ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

क्षेत्र में एक युवक द्वारा दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है, जिसका CCTV वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में आरोपी खुलेआम उत्पात मचाते हुए दिखाई दे रहा है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के कारण क्षेत्र की शांति भंग हो रही है और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**दुकान में घुसकर मचाया उत्पात**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरडांग मोहल्ले में स्थित एक दुकान में एक युवक अचानक घुस गया और वहां रखे सामान के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी।

## उज्जैन पुलिस की बड़ी सफलता : 16 माह बाद मिली अपहृत नाबालिग, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

उज्जैन (ए.)। थाना पवासा पुलिस ने छह माह से लापता 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को राजगढ़ के पचोर रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद किया। आरोपी सागर उर्फ रामसागर केवट को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। मामले की आगे जांच जारी है। थाना पवासा पुलिस ने अपहृत बालिकाओं की तलाश अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी सागर उर्फ रामसागर केवट को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के बाद आरोपी पर पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं।

## महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील पोस्ट करना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार



खरगोन(ए.)। खरगोन पुलिस ने एक महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट और स्टोरी साझा करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला और उसके परिवार को बदनाम करने की नीयत से यह हरकत की थी। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा के निर्देश पर साइबर सेल खरगोन और थाना गोगावां की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए रतलाम निवासी आशीष पिता मंगलदास चौहान को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना गोगावां में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गोगावां निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई है। इस आईडी के माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट और स्टोरी साझा कर उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान रतलाम निवासी आशीष चौहान के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि महिला के परिवार से पुरानी रंजिश के चलते उसने फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 15 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसका उपयोग फर्जी इंस्टाग्राम आईडी संचालित करने में किया जा रहा था।

## युवक ने खुद के अपहरण की रची साजिश, पिता से मांगी एक लाख रुपये की फिरौती; ढाई घंटे में खेल हुआ खत्म

सागर (ए.)। नशे की लत और रातों-रात अमीर बनने की चाहत इंसान को किस हद तक गिरा सकती है, इसका एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला मध्य प्रदेश के सागर जिले से सामने आया है। यहां एक कलयुगी बेटे ने अपने ही दोस्तों के साथ मिलकर खुद के ही अपहरण का ड्रामा रच डाला। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने युवक के पिता को फोन कर एक लाख रुपये की फिरौती मांग ली। हालांकि, सागर पुलिस और साइबर सेल की मुस्तैदी के आगे यह साजिश महज ढाई घंटे भी नहीं टिक सकी।

**जन्मदिन की पार्टी में तैयार हुआ 'मास्टर प्लान'**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, देवरी थाना क्षेत्र का रहने वाला पवन जाटव 9 जून को अपने तीन दोस्तों के साथ ऑल्टो कार से सागर आया था। बहाना था जन्मदिन मनाने का। दोस्तों की इस टोली में सिख समुदाय का



एक युवक भी शामिल था। सागर में पार्टी के दौरान ही चारों दोस्तों ने मिलकर आसान तरीके से मोटी रकम ऐंठने का एक शॉर्टकट प्लान तैयार किया और खुद के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी।

**पिता के फोन पर आई फिरौती की कॉल, पुलिस ने ऐसे बिछाया जाल**

गुरुवार दोपहर को पवन के साथियों ने उसके पिता राकेश जाटव को फोन किया। फोन पर भारी आवाज में धमकी देते हुए कहा गया कि उनके बेटे पवन का अपहरण कर लिया गया है। अगर उसे सुरक्षित देखना चाहते हो, तो तुरंत एक लाख रुपये का इंतजाम करो। बेटे के किडनैप होने की खबर से पिता राकेश जाटव घबराए जरूर, लेकिन उन्होंने सूझबूझ दिखाई और बिना वक्त गंवाए सीधे पुलिस को मामले की इत्तला दे दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सागर पुलिस और साइबर सेल तुरंत एक्टिव मोड में आ गई। तकनीकी सर्विलांस और मोबाइल टावर लोकेशन के जरिए पुलिस ने जाल बिछाया। महज ढाई घंटे के भीतर पुलिस टीम को आरोपियों की सटीक लोकेशन राजघाट रोड स्थित किशोर संप्रेक्षण गृह के पास पहाड़ी पर मिली। पुलिस ने जब वहां दबिश दी, तो नजारा देखकर दंग रह गई। कथित अपहृत पवन अपने उन्हीं दोस्तों के साथ बैठकर आराम से समय बिता रहा था।

# व्यापार समाचार

## टाटा के आईफोन प्लांट पर लटकी तालेबंदी की तलवार: जहरीले पानी से किसान परेशान, क्या बंद होगी फैक्ट्री ?




नई दिल्ली (ए.)। एपल के लिए आईफोन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बड़ी मुश्किल में फंस गई है। तमिलनाडु के होसुर स्थित कंपनी के प्लांट पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आरोप लगाया है कि फैक्टरी से निकलने वाले गंदे पानी ने आसपास के खेतों और कुओं को प्रदूषित कर दिया है। अगर टाटा ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो इस प्लांट की बिजली काटकर इसे बंद किया जा सकता है। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि पूरा विवाद क्या है और इसका एपल की सप्लाई चेन पर क्या असर पड़ सकता है।

1. मामला क्या है और किस प्लांट पर लटकी है तालेबंदी की तलवार ?

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स दक्षिण एशिया में ताइवान की फॉक्सकॉन के बाद एपल की दूसरी सबसे बड़ी सप्लायर है। तमिलनाडु के होसुर स्थित इसी प्लांट में आईफोन के बैक पैनल और अन्य अहम पुर्जे बनाए जाते हैं। आसपास के किसानों ने शिकायत की थी कि फैक्टरी का दूषित पानी उनके खेतों और खुले कुओं में मिल रहा है, जिससे उनकी कृषि भूमि को भारी नुकसान हो रहा है।

2. प्रदूषण बोर्ड की जांच में पानी को लेकर क्या चौंकाने वाला खुलासा हुआ ?

किसानों की महीनों लंबी शिकायतों के बाद, दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच प्लांट के पांच बार सरकारी निरीक्षण किए गए। 25 मई के नोटिस के अनुसार, जांच में पाया गया कि टाटा ने अपने परिसर के भीतर बने 'रेनवाटर हार्वेस्टिंग पॉन्ड' (वर्षा जल संचयन तालाब) में गंदा पानी छोड़ दिया था। यह तालाब ओवरफ्लो हो गया और गंदा पानी आसपास की कृषि भूमि के खुले कुओं के भूजल में जाकर मिल गया।

3. नियामक ने कंपनी को क्या सख्त अल्टीमेटम दिया है ?

तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने 25 मई के नोटिस में टाटा से स्पष्टीकरण मांगा है कि नियमों के इस उल्लंघन के आरोप में क्यों न उसकी फैक्टरी की बिजली काट दी जाए और उसे बंद कर दिया जाए,। बोर्ड ने अपने नोटिस में यह भी स्पष्ट किया कि 23 दिसंबर, 2025 को जारी पिछले पत्र के निर्देशों के बावजूद टाटा ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए थे।

4. इन गंभीर आरोपों पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने क्या सफाई दी है ?

इस विवाद पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि उसने एक मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से स्वतंत्र जांच कराई है। कंपनी का दावा है कि इस जांच में उसे "सभी नियामक मानदंडों का पूरी तरह से पालन करने वाला" पाया गया है। टाटा ने कहा कि वह पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और उसने प्रदूषण अधिकारियों को अपना जवाब सौंप दिया है।

5. एपल और भारत के आईफोन मैन्युफैक्चरिंग लक्ष्य पर इसका क्या असर होगा ?

यह मामला भारत के ग्लोबल आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की राह में एक चिंताजनक खबर है। चीन से अपना प्रोडक्शन बाहर ले जाने की एपल की रणनीति में टाटा एक अहम कड़ी है।



## एक हफ्ते में सोना करीब 6400 टूटा, चांदी 14000 से ज्यादा सस्ती हुई

नई दिल्ली ( )। इस हफ्ते सोने और चांदी में गिरावट देखने को मिली। जिससे सोना और चांदी 6,400 रुपये और 14,300 हजार रुपये से अधिक सस्ते हो गए हैं। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम इस हफ्ते 6,438 रुपये कम होकर 1,47,800 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, पहले यह 1,54,238 रुपए पर था।

**सोना में कितना गिरावट ?**

22 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,35,385 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,41,282 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट सोने का दाम कम होकर 1,10,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,15,679 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस हफ्ते सोने में सबसे न्यूनतम दाम 11 जून को सुबह के सत्र में 1,44,782 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा गया। वहीं, उच्चतम दाम 9 जून को सुबह के सत्र में 1,52,519 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा गया। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी गिरावट देखने को मिली है।

**चांदी कितना टूटा ?**

चांदी का दाम 14,326 रुपये कम होकर 2,42,582 रुपये प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,56,908 रुपये प्रति किलो था। इस हफ्ते चांदी में सबसे न्यूनतम दाम 11 जून को शाम के सत्र में 2,32,591 रुपये प्रति किलो देखा गया। वहीं, उच्चतम दाम 9 जून को शाम के सत्र में 2,45,938 रुपये प्रति किलो देखा गया। वैश्विक अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने का दाम 4,248 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 68 डॉलर प्रति औंस के करीब आ गया है।

## कूड 87 डॉलर के पार, कई शहरों में बदले पेट्रोल-डीजल के दाम

**- महानगरों में स्थिर रहीं कीमतें, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की तेजी का असर**

नई दिल्ली (ए.)। सरकारी तेल कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी कीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के 87 डॉलर प्रति बैरल पहुंचने के बाद देश के कई शहरों में ईंधन के दामों में बदलाव आया है। हालांकि, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे चारों महानगरों में कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। तेल कंपनियों की घोषणा के अनुसार, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) में पेट्रोल 22 पैसे महंगा होकर 101.92 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जबकि डीजल में 21 पैसे की बढ़त के साथ यह 95.37 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। इसी तरह, बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 11 पैसे चढ़कर 113.65 रुपये और डीजल 14 पैसे महंगा होकर 99.36 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके विपरीत, हरियाणा के गुरुग्राम में उपभोक्ताओं को आंशिक राहत मिली है।




यहां पेट्रोल 16 पैसे सस्ता होकर 102.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 14 पैसे की गिरावट के साथ 95.44 रुपये प्रति लीटर के भाव पर आ गया है। गौरतलब है कि पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें रोजाना सुबह 6 बजे जारी की जाती हैं। इन दामों में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन, वैट और अन्य शुल्कों को जोड़ने के बाद इनका अंतिम मूल्य मूल भाव से लगभग दोगुना हो जाता है।

## महंगाई ने तोड़ा 16 महीने का रिकॉर्ड, सोने-चांदी के आभूषणों और टमाटर-अदरक ने बिगाड़ा रसोई का बजट



नई दिल्ली (ए.)। भारत में खुदरा महंगाई 16 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। सोना-चांदी के आभूषण, टमाटर, अदरक और अन्य रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है।

इस तपती गर्मी में सिर्फ मौसम का पारा ही नहीं चढ़ रहा है, आपके घर का मासिक बजट और रसोई का खर्च भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को जारी हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई के आधिकारिक आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि आम आदमी की जेब पर चौतरफा बोझ बढ़ रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 16 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसकी प्रमुख वजह चांदी और सोने के गहनों के साथ ?टमाटर एवं अदरक की कीमतों में तेल उछाल है। अगर खाद्य महंगाई के आंकड़े देखें, तो यह और भी डरावना है। खाद्य महंगाई बीते माह बढ़कर 4.78 फीसदी पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 4.20 फीसदी थी।

# श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय की आवाज को मिली एक नई पहचान

## अनुगूंज पहल के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

सीहोर (निप्र)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अनुगूंज पहल के अंतर्गत श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय के लिए जिला न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला स्तरीय शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी संबंधितों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि अनुगूंज श्रवण एवं वाक् बाधित समुदाय की आवाज को एक नई पहचान दिलाने की पहल है। इसके अंतर्गत प्रत्येक श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्ति की आवाज को एक ऐसा मंच प्रदान किया जायेगा, जिसके माध्यम से उसकी समस्या एवं भावनाएं व्यक्त की जा सकें तथा उसकी समस्याओं का निराकरण भी संभव हो सकें। इसके लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संकेतवाणी एप बनाया गया है, जिसमें कोई भी श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्ति संकेत भाषा में वीडियो बनाकर अपनी समस्या बता सकता है, जिसका अनुवाद कर



उसकी समस्या को जानने एवं निराकरण का कार्य विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा किया जायेगा। यह एक नई पहल है, जो श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए बहुत ही उपयोगी एवं लाभकारी है।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा प्रतिभागियों से चर्चा की गई। उन्होंने तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक संचालित विधिक सेवा संस्थाओं के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों के प्रश्न जाने और निराकरण भी किया।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री वैभव मण्डलोई, विशेष न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश श्रीमती स्मृतासिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश श्री एम.के. वर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री अनिल पारे, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, श्रवण एवं वाक बाधित प्रतिभागीगण, स्वास्थ्य विभाग एवं डीआईसी की विशेष टीम, एनआईएमएचआर की टीम, सामाजिक न्याय विभाग की टीम, एनजीओ के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पैनल एवं अन्य अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, खण्डपीठ सदस्य, विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेन्टियर्स आदि उपस्थित रहे।

## पुरुषोत्तम मास में सोमवती अमावस्या पर सर्वार्थ व अमृत सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग - पंडित सुनील शर्मा

### गौसेवा, रुद्राभिषेक, पित्त तर्पण , दीपदान , पीपल पूजन करना विशेष फलदाई

सीहोर (निप्र)। इस वर्ष पुरुषोत्तम ज्येष्ठ मास में आने वाली अमावस्या का धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत दुर्लभ संयोग है। इस बार अमावस्या तिथि आज रविवार को दोपहर 12 बजकर 22 मिनट से प्रारंभ होगी और कल सोमवार को सुबह 8 बजाकर 27 मिनट तक रहेगी द्य सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर सर्वार्थ सिद्धि योग व अमृत सिद्धि योग मृगशिरा नक्षत्र रहेगा पंडित सुनील शर्मा के अनुसार पुरुषोत्तम अधिक मास स्वयं भगवान विष्णु को समर्पित अत्यंत पवित्र महीना है, जब इस मास में सोमवार के दिन अमावस्या का योग बनता है,



तो यह हरि-हर भगवान विष्णु और भगवान शंकर के मिलन का महासंयोग बन जाता है जिसमें किए गए दान-पुण्य का फल अनंत गुना मिलता है और सोमवती अमावस्या ईश्वर की आराधना और आत्म-शुद्धि के लिए समर्पित है द्य सोमवती अमावस्या पर जिले भर में मां नर्मदा ब अन्य पवित्र नदियों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्नान ध्यान, पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सोमवती अमावस्या पर गौसेवा, रुद्राभिषेक, विष्णु सहस्त्रनाम, भगवान सत्यनारायण कथा, गीता पाठ, पीपल पूजन करना विशेष फलदाई हैं।

## आधुनिक कृषि की ओर बढ़ते कदम : एसएमएएम योजना से किसान जितेंद्र वर्मा की खेती हुई आसान


सीहोर (निप्र)। कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन (एसएमएएम) योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों से जोड़ने के लिए शुरू की गई यह योजना खेतों में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दे रही है, जिससे किसानों का समय, श्रम और लागत तीनों की



बचत हो रही है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के अनेक किसानों को लाभ मिल रहा है। सीहोर जिले के ग्राम बिजोरी निवासी किसान जितेंद्र वर्मा भी ऐसे ही किसानों में शामिल हैं, जिनके जीवन में एसएमएएम योजना ने सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्हें इस योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान (सब्सिडी) पर फोर स्ट्रोक पंप प्राप्त हुआ है। इस आधुनिक कृषि यंत्र ने उनकी खेती के कार्यों को पहले की तुलना में कहीं अधिक सरल और सुविधाजनक बना दिया है। जितेंद्र वर्मा बताते हैं कि पहले फसलों में कीटनाशक और दवाइयों का छिड़काव करने के लिए हाथ से चलने वाले पंप का उपयोग करना पड़ता था। इस कार्य में पूरा दिन लग जाता था और काफी मेहनत भी करनी पड़ती थी। कई बार समय पर छिड़काव नहीं होने से फसलों पर कीटों और बीमारियों का प्रभाव बढ़ जाता था।

## कुबेरेश्वरधाम पर पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### 3 क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर किया वितरण



सीहोर (निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया, इसके अलावा यहां पर स्थित बाबा की पवित्र शिला पर एक लोट जल अर्पित किया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को तीन क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर भोजन प्रसादी के साथ वितरण किया। शनिवार को दाल, रोटी, सब्जी के साथ 30 क्विंटल से अधिक खिचड़ी का भोग भी लगाया गया था।

अधिकमास चल रहा है और शनिवार को करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालु शिवरात्रि के पावन अवसर पर धाम पर पहुंचे थे। इस मौके पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने परिसर में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-माता पार्वती, भगवान राम और सीता के अलावा भगवान श्रीकृष्ण और राधा की प्रतिमा के दर्शन किए। 50 किलो फुल से मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया था। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह आस्था और उत्साह के साथ पूजन-अर्चना की और शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया।

प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी भजन संध्या 16 जून को

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी 16 जून को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्मोत्सव आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर देश और विदेश में अपनी भजन से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाले प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी के द्वारा रात्रि सात बजे कुबेरेश्वरधाम पर अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंत्रमुग्ध कर देने वाले भजनों के लिए जाने जाते हैं। उनकी भजन संध्या में शिव महिमा, कृष्ण भक्ति और पारंपरिक लोक संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

## बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन, अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने और सुरक्षात्मक उपायों के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 138 में बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07562-226470 है। यह कंट्रोल रूम वर्षाकालीन अवधि में 15 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक 24 घंटे सक्रिय रहेगा। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार बाढ़ नियंत्रण के समय जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार (मो. 8295409698), तहसीलदार भूसंसाधन प्रबंधन विजय सराठिया (मो. 9827594558) और नायब तहसीलदार सत्यनारायण मालवीय (मो. 8966995414) से संपर्क किया जा सकता है।

## गोपेश्वरधाम पर शिव चालीसा पाठ का आयोजन



सीहोर (निप्र)। शनिवार को मास शिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गोपेश्वरधाम पर नियमित रूप से शिव चालीसा का पाठ किया जा रहा है, वहीं शिवरात्रि के पावन अवसर पर सवा माह पूर्व हो जाने पर शांति हवन, भगवान शिव का विशेष अभिषेक के अलावा सत्यनारायण की कथा का आयोजन यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, राहुल तिवारी सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने किया। इस मौके पर पंडित श्री तिवारी ने कहाकि मंदिर आदि में नियमित रूप से प्रतिदिन यज्ञ और हवन होना चाहिए। यज्ञ करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं। यह एक पवित्र कर्म है जिसके माध्यम से ब्रह्मांड में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, इसके अलावा शिव चालीसा भगवान शिव की स्तुति है। शिव चालीसा को भगवान शिव की सभी स्तुतियों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसमें भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव के उपासको द्वारा पाठ किया जाता है। वैसे तो भोलेनाथ केवल सच्चे मन से याद करने पर भी भक्तों की पुकार सुन लेते हैं, परंतु जो भी भक्त नियमित रूप से शिव चालीसा का पाठ करता है, उस पर भगवान शिव की विशेष कृपा होती है। शिव चालीसा का पाठ करना महादेव शिव की आराधना करने का एक बहुत ही उत्तम माध्यम है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सीहोर नगर से 39 श्रद्धालु हुए रवाना

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया आत्मीय स्वागत

सीहोर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत शनिवार को सीहोर नगर के 39 श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दर्शन हेतु रवाना हुए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सभी श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालु 18 जून को दर्शन उपरांत वापस सीहोर लौटेंगे।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वरिष्ठ नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक अत्यंत जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से ऐसे लोग भी देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर पा रहे हैं, जिनकी वर्षों से यह इच्छा थी। प्रदेश सरकार आमजन की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए निरंतर जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होंने सभी यात्रियों की सुरक्षित यात्रा एवं माता रानी से सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने प्रदेश सरकार एवं नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त किया।

## सीवन पुत्र ने चलाया शनिवार को सीवन बचाओ हस्ताक्षर अभियान

### देश भक्ति के गीतों की प्रस्तुति के बीच जीवन दायिनी माँ सीवन की स्वच्छता का लिया सभी ने संकल्प



सीहोर (निप्र)। सीवन पुत्र की टीम ने सीवन बचाओ अभियान के तहत लोगों से हस्ताक्षर करवाए साथ ही उन्हें सीवन संकल्प दिलवाया गया सीवन की स्वच्छता कायम करने हेतु । लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस अभियान को समझा और नदियों को स्वच्छ रखने हेतु वादा भी किया। इस दौरान सीवन पुत्र अशोक राठौर द्वारा जोरदार राष्ट्र भक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि लगातार सीवन उद्धार अभियान को छेड़े हुए है और अभियान को चलते हुए 80 दिन हो गए है,इसी के तहत आज से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की ताकि लोगों के सीवन के प्रति भावनात्मक संबंध स्थापित हो,ये हस्ताक्षर का क्रम जारी रहेगा उन्होंने बताया है कि जब से अभियान की शुरुआत हुई है लगातार लोग सीवन उद्धार अभियान से जुड़ रहे है साथ ही सीवन पुत्र एवं पुत्री भी बन रहे हैं जिनकी संख्या 4670 तक पहुंच गई है,उन्होंने यह भी बताया है कि देश की प्रमुख नदियों के नाम से भी पुत्र/पुत्री बनाए जा रहे है और देश की सभी नदियों को बचाने हेतु संकल्प दिलवा रहे है,

इस अभियान का प्रभाव देश की प्रमुख नदियों पर पड़ा है लोग जागरूक हो रहे है इनकी स्वच्छता के प्रति इनके मूल स्वरूप के एवं पूर्ण उद्धार के प्रति,लोग स्वच्छता के लिए संकल्पित हो रहे है । इसी अवसर पर समाजसेवी नीरज यादव एवं महेंद्र कौशल जी द्वारा सीवन पुत्र का स्वागत किया गया।

समाजसेवी विजय जैन पंछी ने कहा कि हम सब इस सीवन अभियान से जुडक़र अपने आप को धन्य मानते है,गौ सेवक जितेंद्र नारोलिया ने कहा है कि जिस तरह से 81 दिनों से सीवन पुत्र टीम काम कर रही है अपने आप में अद्भुत है ।समाज सेवी मोनू वर्मा ने कहा कि सीवन के प्रति लोग जागरूक हुए हैं जब से सीवन पुत्र अभियान चला रहे हैं

सीवन पुत्र एवं पुत्री हस्ताक्षर अभियान के समय सीवन पुत्र कैलाश चव्हाण,प्रदीप चावड़ा,सुरेश भगत,अशोक नामदेव, लक्ष्मण चौकस,दीपक राठौर,संतोष मेवाड़ा,मुकेश राय,कैलाश चव्हाण प्रकाश यादव,जगदीश वर्मा,वैभव राठौर, राजकुमार सोनी,कनीराम मालवीय,प्रदीप चावड़ा,विल्सन जैन,सादुल डाबी,निलेश जायसवाल,शील राय,उमेश चावड़ा,रवि महेश्वरी, देवेश सिसोदिया,दीपक राठौर,योगेश राय आदि उपस्थित रहे ।

## कॉलेज की फीस दो किस्तों में जमा कर सकते हैं विद्यार्थी

सीहोर (निप्र)। सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क दो किस्तों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन काउंटर्स पर विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से एक साथ पूर्ण शुल्क जमा करने के लिये कहा जा रहा है, जिससे विद्यार्थी असमंजस में पड़ रहे हैं। विद्यार्थी दो किस्तों में अपनी फीस जमा कर सकते हैं।

## सीहोर जिले के 196 तीर्थ यात्री वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए होंगे रवाना



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सीहोर जिले के 196 तीर्थ यात्रियों का दल वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए 13 जून की रात सीहोर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन से रवाना होगा। यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। तीर्थ यात्रियों की सहायता, मार्गदर्शन एवं समन्वय के लिए चार पर्यवेक्षक भी उनके साथ यात्रा में शामिल रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा का अवसर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।

## आज अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज शहर में निकालेगा भव्य चल समारोह

सीहोर (निप्र)। अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा और सामाजिक भव्य चल समारोह शहर में निकाला जाएगा। चल सोमवार को सुबह 10 बजे आवासीय खेल मैदान भोपाल नाका से शुरू होगा। शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ चल समारोह को भगवान जगदीश की रथ यात्रा निशा टॉकीज मैदान पर पहुंचेगी।अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज संगठन के संस्थापक वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ अजय पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष सामाजिक एकता अखंडता और भगवान जगदीश विशेष कृपा की साथ विश्व कल्याण और सनातन परंपराओं संस्कृति को जागृत रखना के उद्देश्य यह भव्य सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक चल समारोह भगवान जगदीश की यात्रा निकाली जा रही है। समाज के विशिष्ट जनों जनप्रतिनिधियों अधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। लिसा टॉकीज मैदान पर महा आरती और महाप्रसादी का वितरण कार्यक्रम भी रखा गया है। चल समारोह को विशालता प्रदान करने के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है। संगठन संस्थापक डॉ. अजय सिंह पटेल के अनुसार सर्व सहमति से अध्यक्ष सागर वर्मा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनिरुद्ध वर्मा चल समारोह प्रभारी पम्पू वर्मा सोनू खाती पहलवान को नियुक्त किया।

## चर्च मैदान पर जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

### रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज ने आरएसआई को 1-0 से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शहर के चर्च ग्राउंड पर किया जा रहा है प्रतियोगिता के नौवे दिन लीग मैच आयोजित किया गया था। जूनियर वर्ग के रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम ने आरएसआई को 1-0 से हराया। वहीं एक अन्य



मुकाबला सीनियर वर्ग में डीएसवायडब्लू और एमजी क्लब के मध्य खेला गया। इस मैच में डीएसवायडब्लू की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को शहर के चर्च मैदान पर दो मैच खेले गए पहला मैच जूनियर वर्ग सीहोर बाइज विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर बाइज 1-0 से विजय रही सीहोर बाइज की तरफ से आदित्य ने एक गोल किया सीनियर वर्ग में डीएसवायडब्लू विरुद्ध विरुद्ध एमजी क्लब के मध्य खेला जाएगा जिसमे डी एस वाई डब्लू 2-0 से विजय रही डीएसवायडब्लू कि तरफ से विशाल ने एक गोल किया प्रियांश ने एक गोल किया। प्रतियोगिता में रविवार को 2 मैच खेले जाएंगे जिसमें जूनियर वर्ग सीहोर क्लब विरुद्ध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला जाएगा सीनियर वर्ग में सीहोर बाइज विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला जाएगा।

## सोयाबीन फसल की उत्पादकता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर (निप्र)। आरएके कॉलेज एवं भारतीय किसान संघ द्वारा खरीफ पूर्व सोयाबीन फसल की उत्पादकता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी खरीफ मौसम में सोयाबीन फसल की उत्पादकता एवं लाभप्रद में वृद्धि हेतु किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों, उन्नत प्रजातियों तथा समेकित फसल प्रबंधन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना था। प्रशिक्षण में भारतीय किसान संघ के महेश चौधरी ने किसानों को सोयाबीन की उन्नत खेती, गुणवत्तायुक्त बीजों के उपयोग, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर बल देते हुए अधिक उत्पादन एवं गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक उपायों की जानकारी दी। डॉ आईएस तोमर ने किसानों को विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा वैज्ञानिक खेती के माध्यम से कृषि आय में वृद्धि पर जोर दिया। तकनीकी सत्र में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. देवेंद्र पयासी ने सोयाबीन की नवीन उन्नत प्रजातियों एवं उनके प्रमुख गुणधर्मों की विस्तृत जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.सी. गुप्ता ने संतुलित उर्वरक, प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व तथा उनकी कमी से फसलों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दी। डॉ. डी आर सक्सेना ने सोयाबीन में आने वाली प्रमुख बीमारियों एवं उनके प्रभावी निदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वही डॉ. ए.के. चौधरी ने बीजोपचार खरपतवार नियंत्रण तथा कीट-रोग प्रबंधन संबंधी वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी किसानों को प्रदान की। डॉ. जीएस गांठिये ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों से वैज्ञानिक अनुशंसाओं, उन्नत कृषि तकनीकों एवं समुचित सस्य प्रबंधन को अपनाने की अपील की। कार्यकम के दौरान किसानों एवं वैज्ञानिकों के मध्य संवादात्मक चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सोयाबीन उत्पादन से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष राकेश सहित किसान, कृषि वैज्ञानिक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com